


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 317 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 17 अगस्त 2024 डाक 18 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
वंदे मातरम के कलाकार 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भुवनेश्वर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए



**देश-विदेश**
आज 24 घंटे तक हड़ताल पर रहेंगे डॉक्टर, आईएमए ने कहा अस्पतालों की एयरपोर्ट जैसी हो सुरक्षा



**फीचर पेज**
जब जीवन व्यस्त हो जाए तो रिश्ते की नैया कैसे पार लगाएं?



# आज देशभर में डॉक्टरों की हड़ताल, सभी अस्पतालों में बंद ऑपरेशन और ओपीडी सेवाएं



**नईदिल्ली, 17 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डाक्टर से दुष्कर्म व हत्या के मामले के विरोध में आंदोलन तेजी पकड़ गया है। आज निजी चिकित्सक भी हड़ताल पर हैं। पीलीभीत में शनिवार को सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित जिला अस्पताल में जूनियर व सीनियर रेजीडेंट डाक्टर पहुंचे लेकिन वे ओपीडी के अपने अपने कक्षों में नहीं गए बल्कि ओपीडी में तालाबंदी करा दी गई। इससे जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को मायूस होना पड़ा।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर आईएमए शाखा से जुड़े डॉक्टरों ने भी अपने अपने अस्पतालों, क्लीनिकों पर सुबह छह बजे से चिकित्सा कार्य बंद कर दिया है। आईएमए डॉक्टरों की हड़ताल रविवार को सुबह छह बजे तक जारी रखे जाने का ऐलान किया गया है। उधर मेडिकल कालेज में प्रशिक्षु व रेजीडेंट चिकित्सकों ने दूसरे दिन भी ओपीडी सेवा को बंद करवाकर धरना शुरू कर दिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर शहर से लेकर कस्बों तक के सभी निजी नर्सिंग होम, क्लीनिक बंद सुबह छह बजे से ही बंद कर दिए गए। सुबह आईएमए के स्थानीय अध्यक्ष डा. विजय पाठक, सचिव डा. गौरव मिश्रा समेत सभी पदाधिकारी पुराना जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने कोलकाता घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग के साथ ही प्रशिक्षु चिकित्सक के दुष्कर्मी हत्यारों को फांसी की सजा की मांग की गई।

## एसआर और प्राइवेट डाक्टर हड़ताल पर

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में शनिवार सुबह छह बजे से 24 घंटे की हड़ताल शुरू हो गई। निजी चिकित्सक ओपीडी में मरीज नहीं देख रहे हैं, नए मरीज भर्ती नहीं किए जा रहे हैं। पैथोलाजी लैब, रेडियोडायग्नोस्टिक सेंटर बंद हैं। केवल इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रहेंगी, यानी गंभीर मरीजों को ही उपचार मिल सकेगा। वार्ड में भर्ती मरीजों का ही इलाज किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर और सीनियर डाक्टरों की शुक्रवार से हड़ताल चल रही है। प्रांतीय चिकित्सा संवर्ग और अन्य वरिष्ठ डाक्टर मेडिकल कालेज अस्पताल में मरीजों का उपचार करेंगे।

## आगरा में निजी चिकित्सक पर हड़ताल पर, ओपीडी और लैब बंद

**आगरा।** आगरा में भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), आगरा की शनिवार सुबह छह बजे से 24 घंटे की हड़ताल शुरू हो गई। निजी चिकित्सक ओपीडी में मरीज नहीं देखेंगे, नए मरीज भर्ती नहीं किए जाएंगे। पैथोलाजी लैब, रेडियोडायग्नोस्टिक सेंटर हैं। इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रहेंगी। निजी चिकित्सक गंभीर मरीज और वार्ड में भर्ती मरीजों का ही इलाज करेंगे। एसएन में जूनियर डाक्टरों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी है। बुखार सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को एसएन मेडिकल कालेज की ओपीडी, जिला अस्पताल के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलेगा। आईएमए, आगरा के सचिव डा. पंकज नगाइच ने बताया कि सुबह छह से रविवार सुबह छह बजे तक 24 घंटे के लिए डॉक्टर अपनी ओपीडी, लैब, रेडियोडायग्नोस्टिक सेंटर बंद रखेंगे। गंभीर मरीज और वार्ड में पहले से भर्ती मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है तो देश भर में आंदोलन तेज किया जाएगा। होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस सोसाइटी आफ इंडिया के अध्यक्ष डॉक्टर कैलाश सारस्वत का कहना है कि कोलकाता मामले में ओपीडी बंद रखेंगे। इंडियन डेंटल एसोसिएशन आईडीए, आगरा के सचिव डा मनोज यादव ने बताया कि आईएमए के साथ आईडीए ने भी हड़ताल की है। आईडीए, आगरा के 156 सदस्य हैं, सभी कीओपीडी शनिवार को बंद रहेगी। आगरा फिजियोथैरेपी एसोसिएशन के अध्यक्ष डा ब्रह्मवीर सिंह का कहना है कि ओपीडी बंद हैं।

## एमजी रोड पर मानव श्रृंखला, शहीद स्मारक पर शोक सभा

शनिवार को सुबह नौ एसएन इमरजेंसी पर एकत्रित होंगे और एमजी रोड पर मानव श्रृंखला बनाएंगे। वहीं, शाम को पांच बजे शहीद स्मारक पर शोक सभा आयोजित की जाएगी। निजी डाक्टरों की हड़ताल से एसएन की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ेगी, ऐसे में ओपीडी में अतिरिक्त डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है।

## आज उत्तराखंड में 24 घंटे के कार्य बहिष्कार पर डॉक्टर, पीड़िता के लिए मांग रहे इंसाफ

**देहरादून।** आज उत्तराखंड में सरकारी व निजी अस्पतालों के डॉक्टर 24 घंटे के कार्य बहिष्कार पर हैं। कोलकाता में महिला रेजिडेंट चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 24 घंटे के कार्य बहिष्कार का एलान किया है। चिकित्सक शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। हालांकि कार्य बहिष्कार के दौरान इमरजेंसी, पोस्टमार्टम व वीआईपी ड्यूटी यथावत चलती रहेगी। लेकिन ओपीडी व इलेक्टिव सर्जरी नहीं की जाएगी। देहरादून में डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार के चलते जिला अस्पताल कोरोनेशन की ओपीडी बंद है। जिला अस्पताल कोरोनेशन से डॉक्टर व स्टाफ ने मार्च निकाला। एम्स ऋषिकेश में आज पांचवें दिन भी चिकित्सकों की हड़ताल जारी है। वहीं,



## अस्पताल के इंटर्न और डॉक्टर क्राइम में हो सकते हैं शामिल कोलकाता पीड़िता के पिता ने सीबीआई को सौंपी नामों की लिस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने अस्पताल के कई ट्रेनी और डॉक्टरों के क्राइम में शामिल होने की बात कही है। उन्होंने इसके बारे में सीबीआई को जानकारी दी है। पीड़िता के माता-पिता ने सीबीआई को उन लोगों के भी नाम दिए हैं जिन पर उन्हें सरकारी अस्पताल में उनकी बेटी के दुष्कर्म और हत्या में शामिल होने का शक है। एक सीबीआई अधिकारी जानकारी देते हुए बताया, पीड़िता के माता-पिता ने हमें बताया है कि उन्हें अपनी बेटी के यौन उत्पीड़न और हत्या के पीछे कई लोगों के शामिल होने का शक है। उन्होंने अस्पताल में उसके साथ काम करने वाले कुछ ईटर्न और डॉक्टरों के नाम बताए हैं।

पीड़ित परिवार ने एजेंसी को जिन लोगों के नाम बताए हैं उनके साथ-साथ कोलकाता पुलिस के उन अधिकारियों से भी पूछताछ कर रही है जो शुरुआती जांच के हिस्सा हैं। सीबीआई अधिकारी ने कहा कि हमने 30 संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

## अस्पतालों में हड़ताल का असर, मरीज परेशान

**रायपुर।** कोलकाता मामले को लेकर पूरे देश के जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन लगातार जारी है। वहीं हड़ताल की वजह से ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बिगड़ने लगी है। इलाज के लिए मरीजों की लाइनें लग रही है तो वहीं परिजन भी परेशान हो रहे हैं। ऐसे में सिविल अस्पतालों में ओपीडी बंद रहेगी। जिस वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बताया गया कि, कोलकाता में हुई घटना के विरोध में गैर-आपातकालीन सेवाओं को बंद रखने की घोषणा गई है। वहीं बताया गया कि, इमरजेंसी छोड़कर सभी सेवाएं 36 घंटे के लिए बंद रहेगी। इसी के साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आवाहन में छत्तीसगढ़ के डॉक्टरों ने भी 24 घंटे की हड़ताल करने की घोषणा की है। इसके पहले कल यानी शुक्रवार को एम्स के डॉक्टरों ने हड़ताल किया। डॉक्टरों के हड़ताल में रहने के कारण ओपीडी प्रभावित हुई। फैकल्टी एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि, हम भी पूरे देश के अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता में खड़े हैं। इस जघन्य कृत्य की निंदा करते हैं।



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों पर हमले, मानवाधिकार हनन की जांच करने ढाका जाएगी संयुक्त राष्ट्र की टीम



**संयुक्त राष्ट्र, 17 अगस्त [एजेंसी]।**

अशांत बांग्लादेश में पिछले दिनों जमकर मारकाट, हिंसा और बवाल हुआ। इसमें सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों लोग घायल हुए। देश में राजनीतिक घटनाक्रम और सत्ता परिवर्तन के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार की खबरें सामने आ रही हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की एक मानवाधिकार टीम बांग्लादेश का अगले हफ्ते दौरा करेगी। बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसा के दौरान मानवाधिकार उल्लंघन की मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की जांच पर चर्चा करने के लिए टीम ढाका में सरकार के साथ बैठक करेगी।संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने यूएन मानवाधिकार कार्यालय द्वारा बांग्लादेश को दी जाने वाली सहायता और जवाबदेही के मुद्दे पर चर्चा की। हक ने कहा कि बांग्लादेश का दौरा करने वाली मानवाधिकार टीम अंतरिम सरकार के साथ सहायता के क्षेत्रों और हालिया हिंसा और अशांति के संदर्भ में मानवाधिकार हनन की जांच के तौर-तरीकों पर चर्चा करेगी। वहीं, वोल्कर तुर्क ने जिनेवा में जारी एक बयान में कहा कि सभी मानवाधिकार उल्लंघनों और दुर्व्यवहारों की एक व्यापक, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच बांग्लादेश में पहला महत्वपूर्ण कदम होगा। इस बीच, मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों पर व्यापक हमले किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 5-6 अगस्त को बांग्लादेश के 27 जिलों में हिंदुओं के घरों पर हमला किया गया और उनमें तोड़फोड़ के साथ में लूटपाट की गई।

हमलों में कई मंदिरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। खुलना डिवीजन के मेहरपुर में मौजूद इस्कॉन मंदिर तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई। उधर मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि मानवाधिकार उनकी सरकार की आधारशिला हैं और हर नागरिक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दरअसल, उन्होंने मानवाधिकारों को बनाए रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र से सहयोग मांगा है।

## एमपी के नीमच जिले में भीषण सड़क हादसा पुलिस ड्राइवर समेत तीन की मौत, पांच घायल



**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इस एक्सीडेंट में तीन वाहनों के बीच हुई भीड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा नीमच-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर हुआ। जिले के पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने बताया कि एक्सीडेंट पुलिस वाहन, पिकअप और ट्रक बीच हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से एसपी जायसवाल ने बताया कि हरियाणा रजिस्ट्रेशन नंबर वाले ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। वहीं, पिकअप ने सबसे आगे जा रहे पुलिस वाहन में जा टकराया।

टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस वाहन पलट गया। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि इंदौर से अजमेर जा रही पिकअप गाड़ी में सवार दो लोगों और पुलिस वाहन के निजी चालक की इस दुर्घटना में मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में पांच अन्य लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके चालक का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## इंटरनेट सेवा बंद, धारा 144 लागू, उदयपुर में सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए प्रशासन ने जारी किए कई आदेश

**उदयपुर, 17 अगस्त [एजेंसी]।**



राजस्थान के उदयपुर में सांप्रदायिक तनाव फैलने के बाद शहर में इंटरनेट सेवाएं 24 घंटे के लिए बंद कर दी गईं। वहीं, प्रशासन ने लोगों को एक जगह जमा होने पर भी पांबदी लगाई है। वहीं, पुलिस ने धारा 144 लागू कर दी है और शनिवार रात 10 बजे तक इंटरनेट सेवा को भी बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने अगले आदेश तक सभी (निजी और सरकारी) स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल, उदयपुर में एक सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र पर उसके सहपाठी ने चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

पुलिस के मुताबिक घायल छात्र जिला अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। प्रशासन ने जिले में धारा-144 लागू कर दी है। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने पथराव किया और तीन-चार कारों में आग लगा दी। शाम तक शहर के बापू बाजार, हाथीपोल, घंटाघर, चेतक सर्किल और आसपास के इलाकों में बाजार बंद हो गए।




## जांजगीर-चांपा : न्यायालय पहुंची एसडीएम की गाड़ी कुर्क

**जांजगीर-चांपा, 17 अगस्त [एजेंसी]।**



केएसके महानदी वर्धा पावर प्लांट के भू-अर्जन प्रकरण में सवा करोड़ से अधिक का मुआवजा भुगतान नहीं करने के मामले में जिला कोर्ट ने कलेक्टर, एसडीएम सहित प्रशासन की पांच गाड़ियों को कुर्क करने के आदेश दिए हैं। उक्त वाहन को तत्काल जब्त कर लिया गया। वहीं कार्यालय की अचल संपत्ति को कुर्क करने के आदेश भी दिए हैं। इस आदेश के परिपालन की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के सहमति पर एसडीएम न्यायालय पहुंची। इस दौरान न्यायाधीश ने सबसे पहले एसडीएम की सरकारी गाड़ी को मौके पर अपने अधीन लेकर इसे न्यायालय परिसर ले जाने को कहा। इस मामले में न्यायलयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केएसके महानदी वर्धा पावर प्लांट में हुए जमीन अधिग्रहण के दौरान प्राप्त मुआवजा भुगतान से असंतुष्ट पक्षकार सुरेखा सिंह ने जिला न्यायालय में मामला दायर किया था। इस प्रकरण में जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर, भू अर्जन अधिकारी एसडीएम और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को पक्षकार बनाते हुए उन्होंने अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा था। इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए वर्ष 2017 में मुआवजा भुगतान के आदेश न्यायालय ने दिए थे, लेकिन न्यायालय के आदेश का पालन नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में पीड़ित पक्ष ने न्यायालय के आदेश के परिपालन नहीं होने की बात रखते हुए अपना पक्ष रखा, जिस पर पिछले दिनों अपर सत्र न्यायाधीश ने कलेक्टर और एसडीएम के वाहन सहित प्रशासन की छह गाड़ियों तथा कलेक्टर कार्यालय की अचल संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए हैं। इसी कड़ी में कल 16 अगस्त को न्यायालय के कुर्की आदेश का पालन कराने कलेक्टोरेट पहुंचे। बताया जाता है कि यहां कुर्की आदेश मिलने के बाद जिला प्रशासन का पक्ष रखने के लिए जांजगीर एसडीएम और तहसीलदार को न्यायालय भेजा गया। कलेक्टर के निर्देश पर वे न्यायालय पहुंचे। इस दौरान न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने कुर्की की कार्रवाई तत्काल करते हुए एसडीएम की सरकारी गाड़ी क्रमांक- सीजी 02एच 1212 को जब्त करने के आदेश दिए। एसडीएम की सरकारी गाड़ी को परिसर से ही जब्त कर लिया गया, जिसके बाद उन्हें निजी वाहन बुलाकर वापस लौटना पड़ा। बताया जाता है कि कुर्की आदेश के परिपालन में अभी कलेक्टर आकाश छिकारा की लग्जरी गाड़ी के साथ जिला प्रशासन के पांच गाड़ियों तथा कलेक्टर कार्यालय की अचल संपत्ति की भी कुर्की होनी है।

# बालको ने विकसित भारत विजन के साथ मनाया 78 वां स्वतंत्रता दिवस



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों एव बिजनेस पार्टनर की उपस्थिति में 78वां स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 'विकसित भारत' के विजन के प्रति बालको की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। बालको प्रबंधन ने समारोह में राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया।

भारत की विकास गाथा में कंपनी के योगदान के पर बोलते हुए श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम 78वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। करीब छह दशकों से बालको देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारी यात्रा में ऐसे मील के पत्थर शामिल हैं जो प्रचालन उत्कृष्टता और सतत् विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। विस्तार परियोजना के माध्यम से बालको वैश्विक 'वन मिलियन टन क्लब' में शामिल होने और देश को दुनिया की एल्यूमिनियम राजधानी के तौर पर स्थापित करने के लिए तैयार है। 'विकसित भारत' के लिए कंपनी के हमारे कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए कटिबद्ध हैं। हम प्रचालन उत्कृष्टता, नवाचार का उपयोग, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाकर एल्यूमिनियम उद्योग को मजबूत कर रहे हैं। हम अपने इन्हीं प्रयासों से भावी पीढ़ी के लिए एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं।

कार्यक्रम में एक विशेष स्वतंत्रता दिवस वीडियो को प्रदर्शित किया जिसमें 'विकसित भारत' थीम के साथ बालको के प्रयासों को दिखाया गया। वीडियो में बालको की व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके योगदान के प्रयासों को दर्शाया गया है। सामुदायिक जुड़ाव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्री राजेश एवं कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बालको अस्पताल के मरीजों को फल वितरित किया। सीईओ ने व्यक्तिगत रूप से सभी का हालचाल पूछा और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। श्री राजेश सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने की दिशा में निस्वार्थ समर्पण के लिए बालको अस्पताल के चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त की।भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान का जश्न मनाते हुए बालको परिवार के सदस्यों ने अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने के उत्सव में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। अभियान का हिस्सा बनकर सभी ने अपनी देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। बालको का स्वतंत्रता दिवस समारोह लोकतंत्र और राष्ट्रीय विकास के सिद्धांतों के प्रति कंपनी के समर्पण का एक प्रदर्शन था जिसमें 'विकसित भारत' की यात्रा में योगदान देने की झलक दिखाई दी।

## रूमगढ़ा से बालको तक की सड़क की मरम्मत जल्द कराएं प्रारंभ:उद्योग मंत्री

**कोरबा।** शहर की सड़कों के लिए बेहद गंभीर वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंत्री श्री देवांगन ने मेजर ध्यानचंद चौक रूमगढ़ा से बालकोनगर तक की मुख्य मार्ग की जल्द मरम्मत करने कलेक्टर को पत्र लिखा है। मंत्री श्री देवांगन ने अपने पत्र में लिखा है की मेजर ध्यानचंद चौक से बालकोनगर तक की सड़क बारिश के बाद अत्यंत जर्जर हो चुकी है, मार्ग के पुल की भी स्थिति काफी खराब है। उक्त मार्ग पर भारी वाहनों का दिन भर दबाव रहता है।इससे सड़क और भी जर्जर स्थिति में हो गई हैसड़क की खस्ताहाल स्थिति की वजह से स्थानीय लोगों में आक्रोश है, इसलिए जल्द से जल्द सड़क और पुल की मरम्मत शुरू करना आवश्यक है।मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा कलेक्टर से उक्त मार्ग के जल्द मरम्मत करने कहा है।

## रक्षाबंधन परिवार के एकजुट होने का उत्सव: डॉ0 संजय गुप्ता

कोरबा। रक्षाबंधन का शाब्दिक अर्थ रक्षा करने वाला बंधन मतलब धागा है। इस पर्व पर बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं।रक्षा बंधन को राखी या सावन महीने में पड़ने की वजह से श्रावणी या सलोनी भी कहा जाता है।यह श्रावण माह के पूर्णिमा में पड़ने वाला हिंदू तथा जैन धर्म का प्रमुख त्योहार है।

श्रावणी पूर्णिमा में रेशम के धागे से बहन द्वारा भाई की कलाई पर बंधन बांधे जाने की रीत को रक्षाबंधन कहते हैं।

*इंडस पब्लिक स्कूल-दीपका में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही धूमधाम* व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के पर्व को विद्यालय के स्टाफ ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। श्वेत एवं स्वच्छ परिधान में ब्रह्माकुमारी बहनों ने शिव बाबा के प्रतीक स्वरूप रखी को सभी स्टाफ के कलाई में बांधा और मिठाइयां खिलाई । तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी स्टाफ को राखी का महत्व बताया कि रक्षाबंधन में हमें रखी में क्या दान करना चाहिए इसके बारे में बताया कि हमें दान स्वरूप काम,क्रोध,मोह लोभ,अहंकार का दान कर देना चाहिए।

ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने बताया कि रक्षाबंधन भाई बहनों के पवित्र रिश्तों का पर्व है।यह पवित्र रिश्तों की डोर है।

## वेदांता एल्युमीनियम ने लुका ज़िप्पॉनी को रोल्ड प्रोडक्ट्स का सीईओ नियुक्त किया

**कोरबा।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने लुका ज़िप्पॉनी को रोल्ड प्रोडक्ट्स का सीईओ नियुक्त किया है। अपनी इस भूमिका में लुका प्रोडक्ट ग्रुप से संबंधित सभी प्रचालनों की देखरेख और वृद्धि के लिए जिम्मेदार होंगे। ये उत्पाद ऑटोमोटिव, इंसुलेशन, विद्युत परियोजनाओं, इलेक्ट्रिकल, पैकेजिंग इत्यादि उद्योगों में विभिन्न एप्लीकेशंस में इस्तेमाल किए जाते हैं।

## सड़क पर ठेले वालों और दुकानदारों का कब्जा, ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई



**कोरबा।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता धनेश सिंह ने निगम एवं पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर की है । उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र की इसे दुरूस्त नही किया गया तो भविष्य में और काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। निहारिका घंटाघर समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पार्किंग और फुटपाथ पर इन दिनों अवैध ठेला और दुकानदारों का कब्जा हो गया है । खरीददारी करने वाले लोग अपनी गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर ठेले अथवा दुकानों में खरीददारी करने में व्यस्त हो जाते हैं जिसके कारण रोज शाम को सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।त्यौहारी सीजन होने से बाजार में ग्राहकों की आवाजाही कुछ ज्यादा ही बढ़ गयी है। लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी समस्या अपने वाहनों को पार्किंग करने की रहती है । शहर के मुख्य मार्ग पर ठेले वालों का कब्जा आसानी से देखा जा सकता है। वही दुकानदार भी अपने दुकान की सामग्रियों को सड़क पर फैलाकर ऐसा प्रदर्शन करते हैं मानो सड़क पर फैले सामग्रियों को देखकर ही ग्राहक उनकी दुकान में कदम रखेंगे । रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिसे धर्म अस्पताल के नाम से भी जाना जाता है । उसके बाहर ठेले वालों का कब्जा है । अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके परिजनों को अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह नहीं मिलती । वहीं बाहर ठेले पर आने वाले ग्राहक भी अपने वाहन सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं । इन ठेले वालों को हटाकर अस्पताल परिसर को और बड़ा करने की जरूरत है ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था मिल सके।

धर्म अस्पताल के ठीक सामने इतवारी बाजार की ओर जाने का रास्ता है जहां अक्सर जाम लगता है। इसकी मुख्य वजह ये है कि सामने जीएस बिल्डिंग में भारतीय स्टेट बैंक और सहकारी बैंक तो पहले से ही संचालित है और अब एचडीएफसी बैंक भी जल्द प्रारंभ होने वाला है। हर दिन सैकड़ो की तादाद में ग्राहक इन बैंकों में आते हैं जिससे यहां वाहनों की कतार लग जाती है। नतीजन राहगीरों, यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और आसपास के दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी मोड़ पर ही अनेक फलवाले अपना ठेला सड़क पर खड़ी करके अपनी दुकानदारी चला रहे हैं और इनसे खरीदारी करने वाले ग्राहक अपने वाहन बीच सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं।इन अव्यवस्थाओं को देखते हुए इतवारी बाजार संघ के अध्यक्ष मो. अनीश मेमन ने निगम एवं पुलिस प्रशासन को धरना प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए पत्र लिखा था लेकिन अब वे भी शांत बैठ गए हैं। इसके पीछे क्या वजह है यह तो वही जानें।इसी तरह दर्री रोड में अनेक होलसेलर दुकानदार हैं जिनके यहां अनलोडिंग के लिए अक्सर भारी वाहन ओवर ब्रिज के बाजू की सड़क पर खड़े होते हैं । इसके चलते इस मार्ग पर जाम लग जाने से कई बार वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। दुकानदार खुले आम राहगीरों से दुर्व्यवहार करते हुए धमकी देने लगते हैं कि जहां शिकायत करनी हो कर दें।


## छात्रावास अधीक्षक संघ की कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** आज छात्रावास अधीक्षक संघ जिला इकाई के नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम घंटाघर स्थित सियान सदन में रखा गया।

जिसे छात्रावास अधीक्षक संघ जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर श्रीमती विभा द्विवेदी, उपाध्यक्ष पद पर संजय मरावी, सचिव पद पर श्रीमती आरती मणी सिंह, व कोषाध्यक्ष पद पर आशीष माहू निविरोध नियुक्त किये गये।



























## डॉक्टर की रेप-मर्डर केस- जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

**जांजगीर चांपा।** कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी से पूरे देश में आक्रोश है। वहीं देशभर के जूनियर व सीनियर डॉक्टर काम बंद कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला अस्पताल के सभी डॉक्टरों ने भी घटना के विरोध में शुक्रवार की शाम कैंडल मार्च निकालकर मृत डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी। वहीं उन्होंने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की है। कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में एक जूनियर महिला डॉक्टर से उस

वक्त रेप व हत्या की गई, जब वह ड्यूटी पर पदस्थ थी। वह अस्पताल के सेमिनार हॉल में देर रात आराम कर रही थी। इसी दौरान संजय रॉय नामक शख्स ने वारदात को अंजाम दिया। हालाकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है तथा जूनियर डॉक्टरों के भारी विरोध के बाद मामला जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। इसके बावजूद देशभर के डॉक्टरों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम जिला के डॉक्टरों व अन्य स्टाफ ने कचहरी चौक से नेताजी चौक तक कैंडल मार्च निकालकर मृतका को श्रद्धांजलि दी तथा वी वांट जस्टिस के नारे लगाए। इस दौरान घटना के विरोध

**आज रहे हड़ताल पर**

जिला अस्पताल सीएचसी पीएचसी सहित सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर आज 17 अगस्त को हड़ताल में रहेंगे। इस दौरान ओपीडी की सुविधा भी मरीजों को नहीं मिलेगी। डॉक्टर ओपीडी में भी नहीं बैठेंगे। इसको लेकर जिला अस्पताल में सूचना बोर्ड चस्पा कर दी गई। ऐसे में मरीजों को शनिवार को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिले में वर्तमान में ऐसे ही मौसमी बीमारी का प्रकोप बड़ा हुआ है।

## जिपं. के सभापति ने किया किसानों को बैटरी चलित स्पेयर पंप का वितरण

### मुड़पार के ग्रामीण उद्यान विभाग भवन में हुआ आयोजन



**जांजगीर-चाम्पा।** पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़पार (ब) में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ग्रामीण उद्यान विभाग भवन में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के कृषि स्थायी समिति के सभापति राजकुमार साहू द्वारा शासन के योजना अंतर्गत क्षेत्र के किसानों को बेटरी व हाथ चलित स्प्रेयर पम्प का वितरण किया गया। पंप के साथ-साथ उपस्थित किसानों को सभापति द्वारा तिरंगा झंडा का भी वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि किसानों को बेटरी चलित स्प्रेयर पम्प मिलने से उन्हें फसलों में दवा छिड़काव करने में बहुत आसानी होगी और यह पम्प बेटरी से संचालित होता है, जिसके वजह से किसान भाईयों को मेहनत भी नहीं लगेगी। इस दौरान मोहन लाल खरे, हुलास दिवाकर, सदानंद, श्यामबरन तिनेंद्र वाणी, उमेश साहू , अमरनाथ साहू, जवाहर जाहिरे, रोहित गोरखे, रूपचंद रत्नाकर, राजकुमार साहू, जयकिशन, हरिराम, महेंद्र वाणी, अनूप लहरे, गणेश वाणी, राजू दिवाकर, नारायण यादव राजकुमार पटेल, भूपेश साहू , रामलाल साहू, संजय साहू, शांतिलाल साहू, गौकरण साहू, कमल साहू, गोपेश्वर , फिरत कश्यप, रामनाथ साहू, धनीराम, राधेश्याम साहू, सहित अन्य हितग्राहियों को बैटरी चलित स्पेयर पंप का वितरण किया गया।

## डॉ. मनोज बर्मन होंगे जांजगीर चांपा जिले के नए सएमएचओ

**जांजगीर-चांपा।** स्वास्थ्य विभाग में प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर सीएमएचओ का तबादला हुआ है। जिसमें जिले की सीएमएचओ का भी प्रभार बदला है। डॉ. मनोज बर्मन जांजगीर-चांपा जिले के नए

सीएमएचओ होंगे। वहीं डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया अब जिला चिकित्सालय जांजगीर में बतौर स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवा देंगीं। हालांकि इस पद से वे संतुष्ट नहीं होंगीं। क्योंकि जिलाधिकारी की पद पर सेवा देने के बाद अपने ही अंडर के जिला अस्पताल में सिविल सर्जन के मातहत बतौर स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवा आखिर कैसे दे सकतीं हैं। ज्ञात हो कि जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में पदस्थ मेडिकल अफसर डॉ. मनोज बर्मनजांजगीर-चांपा जिले के नए प्रभारी सीएमएचओ बनाए गए हैं। मई 2023 में पदस्थ डॉ. सिसोदिया को मात्र 16 महीना बतौर प्रभारी सीएमएचओ के रूप में सेवा देने का अवसर मिला है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले की स्थिति बेहतर नहीं होने की वजह से उनकी कुर्सी छिन गई है। उनके साथ विडंबना यह रहा कि अब उन्हें जिला अस्पताल में अपने ही मातहत कर्मचारी के अंदर में रहकर काम करना पड़ेगा।

जिला अस्पताल में अब तक तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ की पोस्टिंग थी। अब यहां चार स्त्री रोग विशेषज्ञ की पोस्टिंग हो गई है। यहां डॉ. खुशबु कच्छप, डॉ. पायल चौधरी एवं डॉ. प्रियंका जोशी कार्यरत हैं। अब डॉ. स्वाती बंदना सिसोदिया के यहां पदस्थ होने के बाद जिला अस्पताल में चार-चार डॉक्टरों की पोस्टिंग हो गई है।

### आज से छुट्टी की लंबी लिस्ट, बंद रहेंगे बैंक

**जांजगीर।** अगस्त में सरकारी दफ्तर या बैंक से जुड़े जरूरी काम के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि छुट्टियों की लंबी लिस्ट है। रविवार के साथ ही शनिवार भी सरकारी दफ्तरों में छुट्टी रहेगी। 17 को शनिवार और 18 रविवार को छुट्टी रहेगी। 19 को रक्षाबंधन का पर्व है। 24 शनिवार और 25 अगस्त को रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। वहीं 26 अगस्त सोमवार को जन्माष्टमी के कारण बैंक बंद रहेंगे। लगातार छुट्टी होने के कारण लोगों की परेशानी बड़ सकती है। लंबी छुट्टियों के कारण एटीएम में भी पैसों की दिक्कत हो सकती है,।

# लायंस स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, विशिष्ट अतिथि लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती एम. वारियर ने स्वागत भाषण दिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे है। यह स्वतंत्रता हजारों अमर बलिदानों का प्रतीक है, जिनके त्याग और बलिदान से भारत को आजादी मिली।

विशिष्ट अतिथि लायन गिरधारी लाल अग्रवाल ने अपने संदेश में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करना चाहिए। यही वीर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर लायन डॉ. के. पी. राठौर वाईस चेयरमेन, लायन डॉ. वाय. के. शर्मा सचिव लायंस क्लब शिक्षण समिति एवं



लायन डॉ. जी. पी. दुबे ने भी अपना उ?द्बोधन दिया। छात्र-छात्राओं की ओर से निशिका जसवानी एवं रक्षा पाण्डेय ने अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर सत्र 23-24 के स्कूल में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कृतिका देवांगन एवं कक्षा 12वीं छात्रा दिशा मोदी ने किया। आभार प्रदर्शन लायन बजरंग अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन राजेश अग्रवाल, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन सी. ए. सुरेश अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन खूबचंद देवांगन, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन वासुदेव देवांगन एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष जय थवाईत ने फहराया तिरंगा



**जांजगीर-चांपा।** नगर पालिका परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आन बान एवं शान से तिरंगा झंडा नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत ने फहराया। इस दौरान सभी ने राष्ट्रगान गाकर स्वतंत्रता दिवस अमर रहे, भारत माता की जयघोष के नारे लगाए।नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष जय थवाईत ने संबोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आजादी के इस पर्व को हम सबको मिलजुल मनाना है। इस अवसर पर सभी ने देशभक्ति के गीत गाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर नपा सीएमओ भोला सिंह ठाकुर,नपा उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, पार्षद तमिन्द देवांगन,पुसाउ सिंह सिदार,श्रीमती भावना देवांगन सहित नपा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



***अड़भार।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अड़भार के मुख्य अतिथि श्रीमति विंध्यवाशिनी सिंह ठाकुर द्वारा झंडा फहराया गया जिसमें सभी बैंक के स्टाफ और नगर के सभी किसान बन्धु सामिल हुवे।अभी 31 जुलाई को ये सेवानिवृत हुई है।

## ग्राम पंचायत भवन चोरिया में शान से लहराया तिरंगा

**बाराद्वार।** चोरिया पंचायत में सरपंच रीना सुमन सूर्यवंशी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरिया व पंचायत भवन में ध्वजारोहण किया गया। स्कूल के प्राचार्य कंवल सिंह राठिया व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद सूर्यवंशी ने विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सुमन सूर्यवंशी, अमृतलाल साहू, भास्कर यादव, फिरत सिंह कंवर, पीपी देवांगन, जयनारायण राज सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र, पालक, ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## जगह-जगह लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी

**बाराद्वार।** बाराद्वार सहित आसपास के गांव में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों व अन्य प्रतिष्ठानों में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। तहसील कार्यालय में तहसीलदार विद्याभूषण साव, पुलिस थाना में टीआई राजेश खलखो, नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, बिजली ऑफिस में जेई दिलीप सिंह राज, जगरानी देवी महाविद्यालय में डॉ. बृजभूषण द्विवेदी, मीरा क्लीनिक में डॉ. जेसिंह व डॉ. राघवेन्द्र सिंह, सेन्ट्रल बैंक में प्रबंधक एसआर साहू, ज्ञान शारदा हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य एसएल कर्ष, भारतीय स्टेट बैंक में बीएम प्रवीन व एबीएम रितु लकड़ा, छग राज्य ग्रामीण बैंक में प्रबंधक एमआर नवनीत, पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर तारकेश्वर बघेल, आईसेक्ट कम्प्यूटर संस्थान में कांग्रेस नेता रामअवतार अग्रवाल, ग्राम सरहर के शासकीय प्राथमिक, मिडिल व हाई स्कूल में संयुक्त रूप से सरहर सरपंच सुनंदा राजकुमार चन्द्रा, जिला सहकारी बैंक में प्रबंधक रोहित राठौर व बिजली ऑफिस नगरदा में जेई प्रीती ज्योति लकरा ने ध्वजारोहण किया। बाराद्वार नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों व अर्द्धशासकीय, शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया। इसके अलावा नगर के जनपद प्राथमिक शाला, ग्रीन फील्ड स्कूल, एशियन वर्ल्ड स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ज्ञान शारदा स्कूल, सनराईज पब्लिक स्कूल, अवसर पब्लिक स्कूल, शासकीय कन्या स्कूल, इंदिरा सागर स्कूल मुक्ताराजा, विद्याभूमि स्कूल, डेडिकेशन पब्लिक स्कूल, पर्ल हाई स्कूल सरहर, रामबती लाखनसाव में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

## हसदेव पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर लगाए गए पौधे

**जांजगीर चांपा।** हसदेव नदी के पावन तट पर स्थित चन्द्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल सर्वांगिया विकाश शिक्षा समिति द्वारा संचालित हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देश में चलाये जा रहे महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम से जुड़ कर अपने अपने माँ के नाम से परिजात का वृक्ष लगाया गया जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन गुप्ता पति स्व. डॉ एस पी गुप्ता ने अपने माँ श्रीमती रमा गुप्ता के नाम से तथा श्रीमती उषा अग्रवाल पति अशोक अग्रवाल अपने माँ श्रीमती शांति देवी केडिया एवं श्रीमती शशि देवांगन पति डॉ पुष्पराज देवांगन ने अपने माँ श्रीमती शकुन देवी देवांगन, डॉ. रितिका मोदी पति भावेश मोदी ने अपने माँ संतोष मोदी एवं सुषमा अग्रवाल के नाम से, तथा चाम्पा सेवा संसथान के अध्यक्ष मनोज मित्तल ने परिजात का वृक्ष ले कर अपने साथ-साथ अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी, बेटा बहु श्रीमती अंकिता मित्तल, नाती राघव मित्तल के समेत तीन पीढ़ी के साथ वृहद् वृक्षा रोपण करके सभी नागरिक एवं आम जन को पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए



प्रेरित किए।

साथ साथ सभी को इस महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम से जुड़ कर अपने घर, मोहहले, नदी-तालाब किनारे संस्था और सड़क किनारे वृक्षा रोपण करने के लिए विनम्र निवेदन किए । स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे हसदेव पब्लिक स्कूल के सभी पदाधिकारी, प्रिंसिपल, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ऑफिस स्टाफ अभिवावक गण तथा बच्चो ने श्री मित्तल जी द्वारा निवेदन किये हुवे इस अभियान में सहर्ष जुड़ कर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए द्रिढ़ संकल्पित हुवे। यह अभियान हम सब भारतीयों के लिए बड़े गर्व की बात हैं और सभी को इस अभियान में जुड़ना चाहिए

# स्वतंत्रता दिवस पर डेस्टिनेशन स्कूल के छात्रों से मिले मंत्री ओपी चौधरी

**जांजगीर चांपा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं से मिले। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल में प्रोग्राम करने के बाद एक सद्भावना जुलूस स्कूल से लेकर कलेक्ट्रेट चौक तक निकाला गया था। इसी समय प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आगमन सर्किट हाउस हुआ जिसे देखते हुए रैली के छत्र-छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से मंत्री ओपी चौधरी से मिलने का इच्छा जताया। छात्र-छात्राओं की इच्छा को देखते हुए डेस्टिनेशन स्कूल के संचालक रवि शंकर निर्मलकर ने मुलाकात करने के लिए संपर्क करने की कोशिश की जिसे देखकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल उसे पूछा कि कैसे आगमन हुआ है। रवि शंकर निर्मलकर ने छात्रों की इच्छा बताया कि वे मंत्री से मुलाकात करना चाहते हैं। इसके पश्चात नारायण चंदेल ने सभी बच्चों को बुलाने को कहा और उन्होंने मंत्री



ओपी चौधरी से मूल मुलाकात कराई और संयुक्त रूप से फोटो भी खिंचवाए। इस मौके पर मंत्री ओपी चौधरी ने छात्रों से मुलाकात कर उनकी कुशलता पूछे और उन्हें मन लगाकर पढ़ने को कहा। इस मौके पर इस मौके पर नारायण चंदेल के साथ पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े,अमर सुल्तानिया, स्कूल के संचालक रवि शंकर निर्मलकर के अलावा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं भी साथ में उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर नगर के बैंकों में फहराया तिरंगा

**बाराद्वार।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर के बैंकों में झंडे फहराए गए। सेन्ट्रल बैंक में एसआर साहू, भारतीय स्टेट बैंक में बीएम प्रवीन, एबीएम रितु लकड़ा, छग राज्य ग्रामीण बैंक में प्रबंधक एमआर नवनीत, जिला सहकारी बैंक में प्रबंधक रोहित कुमार राठौर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर रामअवतार अग्रवाल, राजेश कुमार, प्रशांत सिंह, रमा वस्त्रकार, कुमारी पूनम, शंकर यादव, रविन्द्र नायक, पुष्पेन्द्र राठौर, तेरस साहू, अमृत देवांगन, केआर मीना, प्यारे खाण्डे, सरस्वती सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।



## स्वतंत्रता दिवस पर बसपाइयों ने किया अंबेडकर पर माल्यार्पण

**जांजगीर चांपा ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जांजगीर के कचहरी चौक के पास स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर बसपा के कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। जहां बहुतायत संख्या में लोग उपस्थित थे । आजादी के इस पर्व पर अधिवक्ता गणेश गुजराल ने कहा कि हमें जो आजादी मिली है वह सहज नहीं है क्योंकि इसके पीछे अनेक महापुरुषों ने अपनी कुर्बानी दी है तब जाकर आज हम सभी आजाद भारत में सांस ले रहे हैं इसलिए इसकी कीमत को तथा इसके महत्व को हमें समझनी चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता आर के काटले ने कहा कि भारत देश में आजादी का यह पर्व आज सभी जाति एवं धर्म के लोग मना रहे हैं यह अच्छी बात है परंतु इसके लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा गांधी जी जैसे महान नेताओं ने खूब संघर्ष किए हैं ।उन्हें कदम कदम पर अपमानित भी होना पड़ा बावजूद इसके उन्होंने भावी पीढ़ी के भविष्य को बनाने



के लिए लड़ाई नहीं छोड़ी और अंततोगतवा हमारा देश आजाद हो गया । इसलिए इस संघर्ष से मिली आजादी को हमें सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए तथा उन महान पुरुषों की कुर्बानी को हमें याद करनी चाहिए। कार्यक्रम में विषेश रूप में अधिवक्ता गणेश गुजराल के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया तथा इस अवसर पर लोगों ने मिठाइयां बांटी एक,दूसरे को बधाई देते दिखे। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला जहां एक दूसरे से गले मिलकर लोग बधाइयां दिए तथा एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। इस मौके पर अधिवक्ता गणेश गुजराल के अलावा अधिवक्ता आर के काटले, अधिवक्ता राधेश्याम खांडेकर,सागर मोंगरा, बसपा नेता ईश्वर राठौर,लक्ष्मण कमलेश, चेतन कोसले, धनीराम सिंह, जवाहर, लेदर,उमेश, खड्ग,धनी मुर्वे, कमलेश,शारदा, सतीश प्रधान, आकाश मोंगरा, सहित बहुत संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बावन परी का मजा लेते 3 आरोपी पकड़ाए

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा जिले भर में जुआ सट्टा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जुआ-सट्टा पर रोक लगाने लगातार जांजगीर-चांपा पुलिस कार्रवाई कर रही है।इसी क्रम में शिवरीनारायण पुलिस ने 3 जुआरियों को पकड़ा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिला कि थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम नवागांव महानदी किनारे कुछ लोग ताश पत्ती से रूपयें पैसा का दांव लगाकर जुआ खेल रहें है। सूचना पर अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्ग-दर्शन में थाना स्तर पर टीम बनाकर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया जहां पुलिस को आते देख कुछ जुआरी मौके से भाग गये तथा मौके पर ताश पत्ती से दांव लगाकर जुआ खेलते आरोपी महेंद्र क्रमार चौहान पिता खीखराम चौहान उम्र 34 साल साकिन खोरसी थाना



शिवरीनारायण,फिरंगी पटेल पिता घसिया पटेल उम्र 35 साल साकिन गिधौरी थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार, लक्ष्मी प्रसाद चौहान पिता दुकालू चौहान उम्र 49 साल साकिन सिंघलदीप थाना शिवरीनारायण पकड़ाए। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 15,600/रू, 52 पत्ती तास को गवाहो के समक्ष बरामद किया गया आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत की गई कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

## अनमोल वचन......

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो,
वेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।

# स्वतंत्रता का नव-चिंतन

प्रबुद्ध लोगों को अब अपनी मेधा यह समझने में लगानी चाहिए कि हमारा समाज आज किस हाल में है। आजादी के साथ देश ने जो लक्ष्य तय किए थे, उस यात्रा में हम आज कहां खड़े हैं। भारत अपनी आजादी की 78वीं सालगिरह बदले राजनीतिक माहौल में मना रहा है। इस कारण यह संभव हुआ है कि सामाजिक सरोकार रखने वाले लोग स्वतंत्रता और अधिकारों के बारे में नए सिरे से सोच सकें। गुजरा दशक एक तरफ बड़े दावों, हकीकत से इतर नैरेटिव्स, और उन कथानकों से जगी ऊंची उम्मीदों का रहा, तो दूसरी ओर संविधान प्रदत्त आजादियों पर पहरा एवं अधिकारों के संकुचन से समाज के एक बड़े तबके में भारत की पारंपरिक परिकल्पना को लेकर शक गहराता गया। जनमत का एक बड़ा हिस्सा सामुदायिक टूटन के अहसास से ग्रस्त रहा। लेकिन 2024 में अचानक चीजें बदलती हुई दिखी हैं। उस बदलाव की ताजा मिसाल इसी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान बना है। यह आह्वान प्रधानमंत्री ने किया। तजुर्बा यह है कि पहले जब कभी नरेंद्र मोदी कोई ऐसा आह्वान करते थे, तो उस पर स्वतः-स्फूर्त एवं उत्साह प्रतिक्रिया होती थी। मगर इस बार कहानी उलटी रही है। सत्ताधारी भाजपा के समर्थक वर्ग तक में इसका खास असर नहीं दिखा। यही हश्र कांवड़ यात्रा के समय उत्तर प्रदेश में नाम की तख्तियां लगाने के आदेश या वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन के बिल का भी हुआ है। ये सरकारी पहल समाज में भावावेश पैदा करने या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को और तीखा करने में नाकाम रही हैं। यह समाज-शास्त्रीय या राजनीतिक अध्ययन का विषय है कि माहौल में यह परिवर्तन क्यों और कैसे हुआ है। बहरहाल, इस बदलाव से राष्ट्रीय विमर्श को सकारात्मक दिशा देने की संभावना जरूर पैदा हुई है। प्रबुद्ध लोगों को अब अपनी मेधा यह समझने में लगानी चाहिए कि हमारा समाज आज किस हाल में है। आजादी के साथ देश ने जो लक्ष्य तय किए थे, उस यात्रा में हम आज कहां खड़े हैं। बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं के साथ बढ़ती गई आर्थिक मुश्किलों के अलावा अब हमारे सामने ढहते इन्फ्रास्ट्रक्चर, सीमाई इलाकों की सुरक्षा में लगती सेंध, लीक होते परीक्षा के पेपर, खेलों में फिसड्डी रहने जैसी हकीकतें भी हैं। इनसे निकलने का रास्ता क्या है, इन प्रश्न पर चर्चा शुरू कर हम स्वतंत्रता दिवस को अधिक सार्थक बना सकते हैं।

# राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। लॉ के क्षेत्र से जुड़े स्टूडेंट के लिए आज का दिन बेहतकीन रहने वाला है। आज कहीं से एक केस आपके हाथ लग सकता है। उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा। कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन परिवारवालों के साथ बितेगा। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बन सकता है। आज अचानक आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते हैं। दोस्तों के साथ लंबे टूर की प्लानिंग बन सकती है। आज आपके बिजनेस में फायदा होने के योग बन रहे है। स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। आज आप अपने बड़े बुजुर्गों का आर्शिवाद लेकर नया बिजनेस शुरु कर सकते हैं, जिससे आपको फायदा होगा।

**मिथुन राशिः** आज के दिन मन में नए नए विचार आ सकते है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है, मेहनत का फल अच्छा मिलेगा। दोस्तों के साथ बाहर हील स्टेशन पर जा सकते है। आज आपकी मुलाकात अचानक किसी दोस्त से हो सकती है। आज ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी वाणी पर कंट्रोल रखने से आपको ही फायदा होगा। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। बेहतक होगा कि आप बाहर के खाने को अवॉयड करें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं। घर से बाहर जाने के पहले आप जरूरी सामान जरूर ले जाएं।

**सिंह राशिः** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा। पारिवारिक समस्याएं आज खुद-ब- खुद दूर हो जाएगी। आज के दिन कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतकी के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका रुझान आध्यात्म की तकफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकती है। दुश्मन आपको परेशान करने की पूरी कोशिश करेगें, लेकिन अपनी समझदारी से आप कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। इस राशि के आविवाहित लोगों को विवाह के लिए प्रस्ताव मिल सकता है। आज इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने का प्लान बना सकते है। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आर्शीवाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। राजनीति में आप सक्रीय भूमिका निभाएंगें। आज आप विरोधियों का सामना करने में सक्षम होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आपकी ऊर्जा का स्तक अच्छा रहेगा। बढ़े हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। व्यापार के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, रोज की अपेक्षा ज्यादा सेल होगा। इस राशि के नवविवाहित आज किसी रेस्टोरेंट में डीनर करने जायेंगे। पुरानी जयजाद के क्रय- विक्रय से लाभ होगा। आज संतान के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। नया कोर्स ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जाने का प्लान बनायेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन ठीक ठाक रहेगा। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज फर्नीचर खरीदने के लिए दिन शुभ है। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से पहले किसी अनुभवी की राय जरूर ले लें। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है, यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के लिए ईमेल आ सकती है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटेड कोई शुभ समाचार आपको मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। बच्चों के बेहतक करियर के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज हो सके उधार के लेन-देन से बचें। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। आज दूसरों के मामले में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। आज प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

# मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

//ललित गर्ग//

**प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान 'निशान इजुद्दीन' से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषतः पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं। फिर भी मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास फिर भी जारी रहा। लेकिन इससे हो रहे नुकसान को लेकर मुइज्जू सरकार सतर्क हो गयी। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में भारत-मालदीव के बीच बढ़ रही दूरी का असर मालदीव के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक था। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति अच्छा रहा हैं लेकिन चीन पोषित भारत विरोध की ऐसी अकारण नफरत भारत क्यों बर्दाश्त करें? निश्चित ही मालदीव के रवैये का दोनों देशों के बीच की सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव पडा। भारतीय यदि मालदीव का बहिष्कार करने लगा तो वहां अर्थव्यवस्था चरमरा जायेगी, यह बात समझने में मालदीव को देर नहीं लगी। अपनी भूल को सुधारते हुए उसने भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है जो दोनों देशों के हित में है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने में भारत सक्षम है, पडोसी देशों में भारत ही मजबूत स्थिति में है, आर्थिक एवं सामरिक दोनों ही दृष्टि से भारत अपने पडोसी देशों में सशक्त एवं ताकतवर है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

# भारत के मुस्लिम नेताओं से अपील

//अजय दीक्षित//

**पिछले कुछ दिनों में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है और हुआ है, वह भारत के लिए गंभीर चिंता और संकट का विषय है । आई.एस.आई., जमाते इस्लामी, अल-कायदा और अन्य मुस्लिम उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार शुरू कर दिया है । सन् 1947 में जब भारत का विभाजन हुआ था तब पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में 30त्न हिन्दू रहते थे । असल में वे जगत गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर को अपना आराध्य मानते हैं । वे सभी बांग्लाभाषी हैं । उनका खान-पान, रहन-सहन, सोच विचार बांग्लादेश के मुसलमानों के समान ही था और है । हिन्दू और मुसलमान के बीच फर्क केवल आराध्य को लेकर रहा है ।**

मुसलमान मस्जिद में जाता है - हिन्दू मंदिर में जाता है । ढाका में काली का बहुत प्रसिद्ध मंदिर है । ढाका के सबसे बड़े कॉलेज का नाम जगन्नाथ कॉलेज है । विभाजन से पूर्व यही नाम था और अभी कुछ वर्ष पहले तक यही नाम रहा है । बांग्लादेश में एक हिन्दू आदिवासी सम्प्रदाय का बहुत बड़ा आस्था स्थल है । जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे थे तो चुनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी बांग्लादेश गये थे और उस आदिवासी पूजा स्थल पर आराधना की थी । पश्चिम बंगाल में उस समुदाय के बहुत से वोटर हैं । भारत के विपक्ष ने तब आरोप लगाया था कि मोदी जी ने चुनाव के बीच वहां जाकर पश्चिम बंगाल के असेंबली चुनाव में जीत के लिए उस समुदाय को साधने के लिए बांग्लादेश में उक्त समुदाय के पूजा स्थल पर गये थे । सन् 1971 में भारत की तात्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की कूटनीति से पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गये और पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश के नाम से एक अलग देश बन गया । खालिदा जिया भी कुछ दिन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं, परन्तु शेख हसीना ने उन्हें जेल में डाल रखा था । शेख हसीना ने नौकरी में आरक्षण को लेकर आन्दोलन कर रहे छात्रों को गुण्डा कहा था । यूं शेख हसीना सन् 2008 से वहां की प्रधानमंत्री रही हैं । परन्तु उन पर आरोप है कि पिछले दो चुनावों में उन्होंने धांधली की थी । उन्होंने विपक्षका गला घोंट रक्खा था। फौज से भी उनके सम्बन्ध कुछ बहुत मधुर नहीं थे । भारत की विदेश नीति के तहत भारत ने बांग्लादेश से मधुर संबंध रक्खे जो मोदी जी के कार्यकाल में और भी बढ़ गये यद्यपि यह मधुर संबंध सन् 2008 से चल रहे थे जब सत्ता में कांग्रेस थी । असल में शेख हसीना को भारत में शरण देना बहुत खतरनाक होगा । मुस्लिम उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार करना शुरू कर दिया है । हिन्दू प्रतिष्ठानों को लूट लिया गया है । हिन्दू स्त्रियों के साथ दुराचार हो रहा है । उनके अंग वस्त्रों के साथ बदतमीजी हो रही है । लगभग एक करोड़ तीस लाख हिन्दू भारत के बॉर्डर पर खड़े हैं । आज बांग्लादेश में मात्र सात प्रतिशत हिन्दू हैं जबकि 1947 में उनका प्रतिशत तीस था ।

भारत के बहुत से राज्यों की सीमा बांग्लादेश से मिलती है । आज असम में बहुत बड़ी संख्या में बांग्लाभाषी मुसलमान हैं जबकि असम की भाषा असमिया है । भारत हिन्दुत्व के नाम पर डेढ़ करोड़ हिन्दुओं को भारत में शरण नहीं दे सकता । भारत के मुस्लिम संगठनों के नेताओं को खुलकर और उग्र स्वर में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो हो रहा है उसका विरोध करना चाहिये। आज चीन भारत के पड़ोसी देशों में काबिज है । नेपाल, पाकिस्तान, वर्मा, मालदीप, अफगानिस्तान, श्री लंका सभी देशों में चीन की बढ़त है। यह भारत के लिए चिंता का विषय है । भारत का मुसलमान समन्वयवादी और उदार है । दुनिया भर के मुस्लिम देशों को बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो हो रहा है, इसका विरोध करना चाहिए । यही सच्ची मानवता है और यही इस्लाम की सच्ची शिक्षा है । क्योंकि इस्लाम भाई-चारे में विश्वास करता है और भारत का मुसलमान बांग्लादेश के हिन्दुओं के साथ खड़ा है ।

# स्वतंत्र होना पिंजरे में लौटना

आपके पास दो विकल्प हैं या तो आप स्वयं एक लकीर खींच लीजिये और यह तय कर लीजिये की आप उसे पार नहीं करेंगे और या फिर अपनी बर्बादी का मंजर देखने के लिए तैयार रहिये। राष्ट्रवाद, आज़ादी की सीमा तय कर रहा है। राष्ट्रवाद, प्रजातंत्र और बोलने की आज़ादी का गला घोंट रहा है। आज़ादी के 78वें साल में आप बोल तो सकते हैं, मगर डरते-डरते। आप आसमान में उड़ तो सकते हैं, मगर शाम ढले पिंजरे में लौटने के लिए। आज जिस आकाश में तिरंगा लहराएगा वह धूसर होगा और उसमें एक सफ़ेद कबूतरी उड़ रही होगी पिंजरे में वापस जाने के लिए शापित।मैं हर सुबह, उसे ऊंची उड़ान भरते देखती हूं। वह काले कबूतरों में मन छूती सफेदी थी। और आकाश जब साफ़ व नीला होता था, तो वह चमचमाती थी, जगमगाती थी। उसके पंख उसे ऊपर, और ऊपर ले जाते थे। लेकिन तभी वह एकाएक, गुलाटियां खाते हुए मेरे पड़ोसी की विशाल छत पर फैले दाने चुगने के लिए झपट्टा मारती थी! ओह! धूसर आकाश से उतरती वह सफ़ेद कबूतरी। केवल अल सुबह वह दिखती थी। जल्दी ही मुझे समझ आया कि अरे, यह तो पिंजरे का पंछी है। उसे केवल सुबह-सुबह आज़ादी मिलती है और फिर पूरे दिन के लिए वापिस पिंजरे में! मगर हां, वह जब भी आजाद हो ऊंची उड़ती हुई आकाश में गोते लगाती है, नाचती है तो उसे देखना आंखों को खुशी से सराबोर कर देता है। मगर फिर अचानकज्उसके बाद क्या। आज़ादी! इस शब्द को हम बहुत हल्के में लेते हैं। हम इसकी अहमियत तब तक नहीं समझ पाते जब तक वह हमसे छीन नहीं ली जाती। हमें-आपको, पक्षियों को भी आज़ादी का अहसास केवल खुले आसमान में होता है, पिंजरे में या जंजीरों में बंध कर नहीं। स्वतंत्रता हमें अपना सिर ऊपर उठा कर जीने देती है, वह हमें अपने लिए सोचने देती है। तभी आज़ादी हर एक के लिए अमृत है, संजीवनी है। हम भारतीय जानते हैं कि गुलामी में जीना क्या होता है। हम जानते हैं कि पिंजरा कैसा होता है, कैद कैसी होती है। हम जानते हैं कि खुले आकाश में उड़ना कैसा होता है। हम जानते हैं कि आधी रात को हमें जो आज़ादी हासिल हुई उसके पीछे न जाने कितने सालों, कितने दशकों का संघर्ष था, लड़ाई थी और कुर्बानियां थीं। सन 1947 के 15 अगस्त की सुबह हमने आज़ादी का स्वाद चखा, आसमान में उड़ने के आल्हाद का अनुभव किया। हम झूमे, हम नाचे। तब अरमान हमारे पंख बन गए। और आज हम अपनी उस आज़ादी की 78वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।यह जश्न मनाने का समय तो है ही, पर साथ ही सोचने-विचारने का समय भी है। क्या हम वाकई आजाद हैं। या फिर हम धूसर आकाश में केवल अलसुबह उड़ने वाली कबूतरी हैं। क्या भारत को वह आज़ादी हासिल है जिसकी कल्पना हमनें 15 अगस्त 1947 को की थी।

## तस्वीरों की दुनिया


वंदे मातरम के कलाकार 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भुवनेश्वर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए।


भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिक संस्करण, 2024 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास पर तिरंगा फहराने के बाद तस्वीर लेते हुए।


ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने नई दिल्ली में हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित भारत के गोलकीपर परट्टू रेवेन्द्रन श्रीजेश के विदाई समारोह में भाग लिया।


मुंबई में फिल्म इमरजेंसी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिनेता श्रेयस तलपड़े, कंगना रनौत, अनुपम खेर और चौधरी तस्वीरें खिंचवाते हुए।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के केंद्रीय कर्मचारियों ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक युवा चिकित्सक के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के खिलाफ मौन समर्थन दिखाया।

# आज 24 घंटे तक हड़ताल पर रहेंगे डॉक्टर, आईएमए ने कहा अस्पतालों की एयरपोर्ट जैसी हो सुरक्षा

नईदिल्ली, 17 अगस्त [एजेंसी]।

कोलकाता के मेडिकल कालेज में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में पांच दिनों से चल रही रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रहने से चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह बाधित रहीं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी शनिवार को देशभर के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में हड़ताल की घोषणा की है। शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक डाक्टर हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान अस्पतालों में ओपीडी व नियमित सर्जरी बंद रखने की अपील की गई है। छोटे निजी अस्पताल, नर्सिंग होम के अलावा कारपोरेट अस्पतालों में भी डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। आईएमए ने केंद्र सरकार से अस्पतालों को सुरक्षित जोन घोषित कर एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। आईएमए मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन ने कहा कि पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि पीड़िता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलता है कि वारदात में कई लोग शामिल हैं। 36 घंटे की लंबी ड्यूटी लगाए जाने के बावजूद अस्पताल में विश्राम कक्ष नहीं था। उन्होंने कहा कि पिछले मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर एसोसिएशन ने अस्पतालों को सुरक्षित जोन घोषित करने की मांग की है। जहां पर्याप्त




संख्या में सुरक्षा कर्मचारी तैनात होने चाहिए और सुरक्षा जांच के प्रोटोकाल का पालन होना चाहिए। अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के काम का समय निर्धारित होना चाहिए। इसके अलावा डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय हेल्थकेयर प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग भी रखी गई है, लेकिन मंत्रालय से इसको लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने विचार करने की बात कही है। डाक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए यह कानून बनाया आवश्यक है। आईएमए के एक्शन कमेटी के चेयरमैन डा. विनय अग्रवाल ने कहा कि डाक्टर कभी हड़ताल करना नहीं चाहते, लेकिन महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म और डॉक्टरों के साथ हिंसा की घटनाएं होंगी, तो हम चुप नहीं रहेंगे। बंगाल, बिहार, झारखंड व दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में चिकित्सकों की हड़ताल से मरीजों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पंजाब के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी बंद रही।

इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ ने कोई काम नहीं किया। उत्तराखंड में ऋषिकेश एम्स में रेजिडेंट डाक्टर पिछले चार दिन से हड़ताल पर हैं। दून मेडिकल कालेज में भी पीजी चिकित्सक शुक्रवार को कार्य बहिष्कार पर रहे। फार्मेसिस्ट संघ ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। हिमाचल प्रदेश में मेडिकल कालेजों में तीन दिन से चल रही हड़ताल से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिहार में पटना के एनएमसीएच, दरभंगा के डीएमसीएच व मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच की इमरजेंसी सेवा गुरुवार दोपहर को ही ठप कर दी।भागलपुर और पूर्णिया के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। पटना के शेखपुरा स्थित आईजीआईएमएस में उपचार बंद होने से मरीजों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने लगभग एक घंटे के लिए नेहरु पथ (बेली रोड) जाम कर दिया। एम्स पटना में ओपीडी व जांच सुविधाएं बंद रहीं, लेकिन इमरजेंसी-ट्रामा सेवा जारी रही। पटना में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने आयुष चिकित्सकों ने शाम को कैंडल मार्च निकाला।

# अजित पवार को क्यों याद आए चाचा शरद



पुणे, 17 अगस्त [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा है कि बंटवारे के बाद अपने चाचा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार की छाया से दूर राकांपा की कमान संभालना एक बड़ी जिम्मेदारी है।अपनी जन सम्मान यात्रा के दौरान एक बातचीत में अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी चल रही है और सत्ताधारी महायुति गठबंधन के सहयोगियों राकांपा, शिवसेना और भाजपा के बीच सीट बंटवारे की बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि अजित पवार और उनके करीबी कुछ विधायकों ने पिछले साल जुलाई में शरद पवार की पार्टी से नाता तोड़कर भाजपा-शिवसेना के गठबंधन में नाता जोड़ लिया था। बाद में पार्टी का नाम राकांपा और चुनाव चिन्ह भी अजित पवार को ही मिला। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी का हिस्सा है। महाविकास अघाड़ी में शरद पवार की राकांपा के अलावा कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) भी शामिल हैं।आगामी राज्य चुनावों के लिए सीट बंटवारे के बारे में बोलते हुए अजित पवार ने कहा कि उन्होंने शिवसेना का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस से दो-तीन बार बात की है और सकारात्मक तरीके से बातचीत आगे बढ़ रही है।

## भैया, आपको ही सब संभालना है, ठाकुर बांके बिहारी को 10 हजार बहनों ने भेजी राखी

**वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कार्यालय में अब तक देशभर के विभिन्न शहरों से करीब 10 हजार राखियां ठाकुरजी के लिए पहुंच चुकी हैं। डाक या कोरियर से राखियां आ रही हैं। मंदिर कार्यालय में राखियों के साथ मिले पत्रों में महिलाओं और युवतियों ने अपनी भावनाओं को इस कदर व्यक्त किया है कि जैसे वह अपने किसी परिजनों से अपने मन की बात कह रही हों। पत्र में लिखी बातों में भरोसा भी ऐसा कि ठाकुरजी उनकी हर इच्छा को पूरी करेंगे ही। अंबाला निवासी रुचि ने राखी संग भेजे पत्र में ठाकुर बांके बिहारी को भैया संबोधित करते हुए लिखा है, मेरी शादी छह दिसंबर की है, लेकिन आपको एक दिसंबर को ही राधारानी के साथ आना है और सारी व्यवस्थाएं संभालनी हैं। पिताजी का काम ठीक नहीं चल रहा है, ऐसे में मम्मी चिंतित हैं, आपको ही सब संभालना है। दूसरा पत्र गौरी का है, गौरी लिखती हैं भैया राखी बांध लेना और राखी के उपहार स्वरूप अपनी बहन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अध्यापिका की नियुक्ति जरूर करवा देना। मंदिर सेवायत आचार्य प्रह्लादवल्लभ गोस्वामी कहते हैं ये राखी और पत्र रक्षाबंधन के दिन ठाकुरजी को समर्पित कर दिए जाएंगे।



# केशव महतो झारखंड तो तारिक हमीद कर्रा होंगे जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष, महाराष्ट्र में सैयद मुजफ्फर को नई जिम्मेदारी



नईदिल्ली, 17 अगस्त [एजेंसी]।

कांग्रेस ने शुक्रवार को झारखंड औ जम्मू-कश्मीर में अपने प्रदेशाध्यक्षों का एलान कर दिया है। झारखंड में केशव महतो कमलेश और जम्मू-कश्मीर में तारिक हमीद कर्रा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जम्मू-कश्मीर में तारा चंद और रमन भल्ला को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कर्रा ने वकार रसूल वानी की जगह ली है। जबकि वानी को कार्य समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। महाराष्ट्र में सैयद मुजफ्फर हुसैन को प्रदेश काग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा बालासाहेब थोराट को कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य और आरिफ नसीम खान को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। बता दें कि महाराष्ट्र और झारखंड में इसी साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विज्ञप्ति जारी की। इसके मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कमलेश को झारखंड और तारिक हमीद कर्रा को जम्मू-कश्मीर का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। झारखंड में रामेश्वर उरांव को कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाया गया। वह आलमगीर आलम की जगह लेंगे। वहीं कमलेश को राजेश ठाकुर की जगह प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया।

# फेरे लेते ही गिरफ्तार हुई दुल्हन, सच्चाई जान दूल्हे के उड़ गए होश, रामनगर का मामला



**रामनगर।** साहूपुरी स्थित मकान में एक लड़की की मथुरा के लड़के से शादी हुई। पंडित ने मंत्रोच्चार के बीच वर-वधू के सात फेरे करवाए। शादी में वर और वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे। शाम में लड़की का भाई अपनी बहन को विंध्यालय दर्शन कराने के बाद विदाई की बात पर अड़ गया और जबरदस्ती लेकर जाने लगा। शक होने पर मथुरा से आए दूल्हा पक्ष के लोगों ने दुल्हन को लेकर रामनगर थाने पहुंचे तो ठग गिरोह की करतूत उजागर हुई। पुलिस कथित दुल्हन से पूछताछ कर गिरोह के बारे में देर रात तक जानकारी जुटाने में लगी रही।मथुरा जिले के निवासी सूरज की शादी प्रयागराज के एक बिचौलिए के माध्यम से वाराणसी के रामनगर में तय हुई। सूरज अपने चाचा पन्नालाल जैन व अन्य परिजनों के साथ शुक्रवार सुबह वाराणसी आ गया। सभी कैंट स्थित एक होटल में रुके। तय समय के अनुसार, दूल्हा पक्ष के लोग पड़ाव स्थित साहूपुरी में एक घर पहुंचे, जिसे दुल्हन का घर बताया गया था। शादी से पूर्व लड़की वालों ने एक लाख 50 हजार रुपये ले लिए, जिसके बाद शादी की रस्में पूरी कराई गईं। दूल्हा पक्ष दुल्हन को लेकर कैंटोनमेंट स्थित एक होटल पहुंचा, जहां से देर शाम सभी मथुरा जाने की तैयारी जुटे थे। सभी ऑटो में बैठकर कैंट स्टेशन जाने को निकले थे कि युवती का भाई बनकर पहुंचा एक युवक वहां आ गया।उसने कहा कि बहन को पहले विंध्याचल दर्शन कराना है, जिसके बाद ही विदाई होगी। लड़के वाले राजी नहीं हुए और बातचीत चली रही थी। इसी दुल्हन ने भागने की कोशिश की। ठगी की आशंका पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने दुल्हन उसके भाई को रोकने की कोशिश की तो कथित भाई भाग निकला।

# पीएम मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू से की फोन पर बात बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम सहित कई मुद्दों पर



नईदिल्ली, 15 अगस्त [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने समकक्ष इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद ही इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पीएम नेतन्याहू के साथ बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने इस दौरान सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम और निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम नेतन्याहू से बात के दौरान पश्चिम एशिया में स्थिति को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। हमने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम और निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए अपना आह्वान दोहराया।

## पाकिस्तान में ISI के पूर्व प्रमुख हमीद से जुड़े पूर्व जेल अधिकारी गिरफ्तार, सूचना मंत्री ने किया स्वागत

लाहौर। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख सेवानिवृत्त जनरल फैज हमीद के साथ संबंध रखने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पंजाब प्रांत के पूर्व जेल महानिरीक्षक शाहिद सलीम बेग को गिरफ्तार कर लिया।एक हाउसिंग घोटाले को लेकर हमीद अभी कोर्ट मार्शल प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। 2019 से 2021 तक एजेंसी के महानिदेशक रहे हमीद को टॉप सिटी मामले में 12 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि हमीद के विरुद्ध कोर्ट मार्शल को लेकर आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होंगी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने हमीद के विरुद्ध शुरू की गई आंतरिक जवाबदेही प्रक्रिया का स्वागत किया है। पांच वर्ष तक जेल महानिरीक्षक रहे सलीम बेग पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के जेल जाने से पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। सलीम को लाहौर स्थित उनके आवास शदमान से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्तचर एजेंसी के अधिकारियों ने सलीम के आवास पर छापेमारी की और उन्हें गिरफ्तार किया। अदियाला जेल के पूर्व उपाधीक्षक मुहम्मद अकरम और रावलपिंडी डीआईजी जेल कार्यालय के अधीक्षक नाजिम अली शाह को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की जेल में सहायता करने के आरोप में पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है।इमरान के करीबी माने जा रहे हमीद के विरुद्ध इस्लामाबाद में एक हाउसिंग सोसायटी के मालिक ने शिकायत की जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। उन पर जेल में इमरान की सहायता करने का भी आरोप है।



# असम में बड़े धमाके की साजिश!

## सीएम आवास और आर्मी कैंट के पास मिले बम 24 ठिकानों को उड़ाने की मिली थी धमकी




**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में शुक्रवार को दो आइईडी जैसे उपकरण बरामद किए गए हैं। पिछले 24 घंटों में असम में बम जैसे कुल 10 सामग्री जब्त किए गए है। प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) ने दावा किया है कि उसने राज्य में सिलसिलेवार विस्फोट करने के लिए 24 विस्फोटक लगाए हैं।इसके बाद सुरक्षा बल सतर्क है। मामले में शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक उपकरण नरेंगी आर्मी कैंटोनमेंट के पास सतगांव इलाके में और दूसरा राज्य सचिवालय और मंत्रियों की कॉलोनी के पास लास्ट गेट पर मिला, जहां मुख्यमंत्री का आवास भी है। गौरतलब है कि यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (इंडिपेंडेंट) ने गुरुवार को कई मीडिया हाउसों को भेजे ईमेल में 19 बमों के सटीक स्थानों की सूची दी, जिसमें तस्वीरें भी थीं, लेकिन बाकी पांच स्थानों का पता नहीं चल सका।

गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बराह ने कहा, हम उल्फा के बयान में बताए गए सभी इलाकों में गहन तलाशी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों उपकरण गुरुवार को शहर में मिले उपकरणों के समान थे, एक पानबाजार में और दूसरा गांधी मंडप रोड पर मिला है।

# सेमीकंडक्टर व बुलेट ट्रेन परियोजना पर होगी भारत-जापान में बात, 20 सितंबर को दोनों देशों के बीच टू-प्लस-प्लस वार्ता

नईदिल्ली, 17 अगस्त [एजेंसी]।

भारत और जापान अपने सैन्य, आर्थिक व कूटनीतिक रिश्तों के रोडमैप की समीक्षा करने जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों को गहराने के लिए गठित व्यवस्था टू-प्लस-टू वार्ता के तहत तीसरे दौर की वार्ता अगले हफ्ते मंगलवार (20 अगस्त, 2024) को होने वाली है। इसके पहले वर्ष 2019 और वर्ष 2022 में यह वार्ता हुई थी। दोनों देशों के रक्षा व विदेश मंत्रियों की बैठक को द्विपक्षीय रिश्तों को दिशा देने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। इस बार की बैठक में सेमीकंडक्टर और बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा के साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के एजेंडे पर भी बात होगी। इसके अलावा रक्षा संबंधों के नये आयामों पर भी बात होगी।08 सितंबर, 2022 को दूसरी टू प्लस टू वार्ता में रक्षा संबंधों को लेकर काफी महत्वाकांक्षी रोडमैप बना था, लेकिन उस पर अभी तक प्रगति कोई खास नहीं रही है। भारत और जापान के बीच यह बैठक तब हो होने जा रही है जब जापान में राजनीतिक अस्थिरता फिर से हावी है। पीएम फुमिया किशिदा ने इस्तीफा देने की घोषणा की है और वहां जल्द ही नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति की जानी है। ऐसे में मौजूदा कामीकावा योको और रक्षा मंत्री मीनोरू कीहारा के भी बदले जाने की संभावना है। वैसे भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत



बनाने को लेकर जापान में राजनीतिक सहमति है। सरकार बदलने से इस पर कोई असर नहीं होता। इसके बावजूद राजनीतिक अस्थिरता की वजह से जिस तरह से वार्ता आगे बढ़नी चाहिए वैसी नहीं बढ़ पाती है। बहरहाल, बताया जा रहा है कि अगले हफ्ते की बैठक के बाद दोनों देशों की सेनाओं के बीच रक्षा अभ्यासों को और गहन बनाने पर बात होने वाली है। पिछली बैठक में यह सहमति बनी थी कि मौजूद रक्षा अभ्यास व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाया जाएगा।वर्ष 2022 में जापान ने अपने रक्षा तंत्र को पांच वर्षों में अत्याधुनिक बनाने के साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर नई नीति का घोषणा की थी। इन दोनों घोषणाओं में भारत की अहमियत का भी जिक्र किया गया था। इस बारे में भी आगामी टू प्लस टू वार्ता में बातचीत होने की संभावना है।

## सीधी में तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत, नहाते समय हुआ हादसा

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में तीन लड़कियों के तालाब में डूबने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि चार लड़की भगोहर गांव में दोपहर में तालाब में नहा रही थी। इसी दौरान वह डूब गई। वहीं, चौथी लड़की के शोर मचाने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे बचाया।पुलिस के अधिकारी ने बचाया कि सभी लड़कियों की उम्र आठ से 12 साल के बीच की हैं।

## पहली बार एवरेस्ट की चढ़ाई करने वाले तेनजिंग नोर्गे के गांव में आई बाढ़, कीचड़ और मलबे में धंसे घर



**काठमांडू।** नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में थेंगबो ग्लेशियर झील का तटबंध टूटने से शेरपा तेनजिंग नोर्गे के गांव थामे में बाढ़ आ गई। इसकी चपेट में आकर आधा से अधिक गांव तबाह हो गया है। घर कीचड़ और मलबे से ढक गए हैं।तेनजिंग मई 1953 में न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी के साथ दुनिया के सबसे ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति थे। यह क्षति दूधकोशी नदी की सहायक नदियों में से एक थामे में बाढ़ आने के कारण हुई। निचले हिस्से में रह रहे लोगों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। हिमालयन टाइम्स अखबार ने थामेचो किदुग के मिगमा शेरपा के हवाले से कहा कि थेंग्बो ग्लेशियर के नीचे की झीलों के बांध टूटने से बड़े पैमाने पर बाढ़ और भूस्खलन हुआ। थामे गांव का आधे से ज्यादा हिस्सा प्रभावित हुआ है।हालांकि, काठमांडू पोस्ट ने मुख्य जिला अधिकारी देवी पांडे के हवाले से कहा कि हिमनद झील के तटबंध टूटने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि प्रभावित इलाके में बारिश हो रही है, जो बाढ़ का कारण हो सकती है। नुकसान का पूरा आकलन अब तक नहीं हो पाया है।

# कोर्ट में सिपाही को चकमा देकर बंदी फरार, मचा हड़कंप, पुलिसकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज



गाजियाबाद,17 अगस्त [एजेंसी]।

कोर्ट में शुक्रवार को पेशी पर आया हत्यारोपित बंदी सिपाही को चकमा देकर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने कचहरी एवं आसपास आरोपित की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। कचहरी चौकी प्रभारी की शिकायत पर कविनगर थाने में फरार बंदी और पेशी पर लाने वाले सिपाही पर मुकदमा दर्ज किया गया है। भोजपुर थाना क्षेत्र से हत्या के आरोप में बीते करीब डेढ़ वर्ष से विनीत नामक युवक बंद है। शुक्रवार को उसे जिला कारागार से कचहरी में पेशी पर लाया गया। कचहरी हवालात से बंदी को विशेष एससी-एसटी कोर्ट में पेशी पर ले जाने के लिए सिपाही रामपाल की ड्यूटी लगी।

रामपाल शाम करीब तीन बजे कोर्ट में बंदी को लेकर पहुंच गया।वहीं, घंटे भर इंतजार के बाद सिपाही कोर्ट में बंदी को पीछे छोड़ डायस तक पहुंचकर कुछ जानकारी लेने गया था। इसी बीच मौका देख आरोपित बंदी फरार हो गया। बंदी के फरार होने का पता चलते ही सिपाही रामपाल समेत अन्य लोगों ने तलाशने का प्रयास किया, लेकिन आरोपित नहीं दिखा। इसके बाद मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। कचहरी के आसपास और अन्य स्थानों पर आरोपित की तलाश की गई। मामले में कचहरी चौकी प्रभारी राजेश की शिकायत पर बंदी विनीत और सिपाही रामपाल पर कविनगर थाने में केस दर्ज किया गया है।अधिकारियों का कहना है कि सिपाही को कार्य में लापरवाही पर निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। बंदी कोर्ट से पेशी पर आया था इसी बीच मौका देखकर फरार हो गया। आरोपित की तलाश की जा रही है। शीघ्र आरोपित को पकड़ा जाएगा।

## पुलिस कर रही थी चेकिंग, बैग खोला तो निकले 48 लाख रुपये, इतनी मोटी रकम देख उड़ गए होश

**कौशांबी।** क्षेत्र के पिंडरा चौराहा के समीप करारी पुलिस ने मंगलवार की रात वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक बोलेरो को रोका गया। गाड़ी की तलाश ली गई तो एक व्यक्ति के पास बैग में 48 लाख 37 हजार रुपये मिले। इतनी बड़ी रकम देख पुलिस गाड़ी समेत युवक को थाने लेकर आ गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मनोज कुमार शर्मा निवासी मधवपुर जिला कासगंज बताया। बोला कि वह अलीगढ़ जिले के राम एंड संस डेयरी का मैनेजर है। वह सरायअकिल स्थित एक डेयरी में रुपया देने जा रहा था। पूछताछ में संतोषजनक उत्तर न मिलने के कारण पुलिस ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को देने के अलावा आयकर विभाग के अधिकारियों को दी। आयकर विभाग के इंस्पेक्टर संजय मेहता अपनी टीम के साथ करारी थाना पहुंचे। करारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह का कहना है कि पूछताछ के बाद आयकर विभाग की टीम ने रुपये को सील कर दिया और अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है।

# जब जीवन व्यस्त हो जाए तो रिश्ते की नैया कैसे पार लगाएं?

व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह असंभव नहीं है। व्यस्त दिनों और व्यस्त कैलेंडर के बीच भी, आप अपने रिश्ते को बनाए रख सकते हैं। आप पूछेंगे कैसे? चलिए आपको बताते हैं कैसे व्यस्त जीवन के बीच आप अपने पार्टनर को प्यार महसूस करा सकते हैं और अपने रिश्ते को मजबूत कर सकते हैं।

यदि आप एक व्यस्त व्यक्ति हैं और किसी अन्य व्यस्त व्यक्ति को डेट कर रहे हैं, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आपका व्यस्त कार्यक्रम आपके प्रेम जीवन पर भारी पड़ रहा होगा। आप तनाव को देख सकते हैं, लेकिन इसे कैसे प्रबंधित किया जाए, यह पता लगाना भारी लग सकता है। चिंता न करें, व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह असंभव नहीं है। व्यस्त दिनों और व्यस्त कैलेंडर के बीच भी, आप अपने रिश्ते को बनाए रख सकते हैं। आप पूछेंगे कैसे? चलिए आपको बताते हैं कैसे व्यस्त जीवन के बीच आप अपने पार्टनर को प्यार महसूस करा सकते हैं और अपने रिश्ते को मजबूत कर सकते हैं।



जितना भी समय साथ बिताएं, अच्छे से बिताएं- आपके और आपके पार्टनर का ऑफिस से जाने और आने का समय फिक्स है। दोनों को एक-दूसरे की छुट्टियों का भी मालूम होगा। इसलिए इन सब के बीच आपको जितना भी समय एक-साथ मिल रहा है, उसे अच्छे से गुजारे। इस दौरान फोन और लैपटॉप की जगह एक-दूसरे पर ध्यान दें। आप चाहें तो सुबह की चाय साथ में बैठकर पी सकते हैं या फिर रात को सोने से पहले अपने पूरे दिन की बातचीत करने का शेड्यूल बनाकर समय बिता सकते हैं।

छोटे-छोटे तरीकों से एक दूसरे का सहयोग करें- कई बार आप अपने ऑफिस के काम में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने पार्टनर को हाय, हेलो कहने का ही समय मुश्किल से मिल पाता है। ऐसे समय में छोटे-छोटे तरीकों से एक-दूसरे को प्यार महसूस कराने की कोशिश करें। आप चाहें तो पार्टनर के लिए नोट छोड़ सकते हैं या फिर हो सकता है कि ऑफिस के काम की वजह से उनके सिर में दर्द हो रहा हो तो उन्हें चाय बनाकर दे सकते हैं। रिश्ते में प्यार दिखाने के लिए हर बार कुछ बड़ा करने की जरुरत नहीं होती, कई बार अपनी मौजूदगी का एहसास कराना भी जरुरी है।

# रोजाना आहार शामिल करें मखाना, घर में बना सकते हैं ये 5 आसान डिशेज

हेल्दी रहने के लिए न जाने हम सभी क्या-क्या नहीं करते हैं लेकिन हेल्दी खाना कभी नहीं खाते हैं। मखाना सेहत के लिए बेहद हेल्दी होता है। इसे अपनी डाइट में जरुर शामिल करें। आज हम आपको इस लेख में मखाने की कुछ हेल्थी रेसिपी बताने जा रहे हैं। घर पर बनाएं कुछ स्वादिष्ट मखाने की व्यंजन।

हर व्यक्ति का स्वाद अलग-अलग होता है और अपना पसंदीदा भोजन करते हुए अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना अक्सर एक चुनौती होती है। हर दिन, ऑनलाइन नए व्यंजन उपलब्ध होते हैं जो पौष्टिक तत्वों का उपयोग करते हैं और भोजन को काफी स्वादिष्ट भी बनाते हैं। ऐसा ही एक पौष्टिक खाद्य पदार्थ जिसने बहुत लोकप्रियता हासिल की है वह है फॉक्स नट्स यानी मखाना। यह अधिकांश घरों में स्नैकिंग विकल्प के रूप में उपलब्ध है। हालांकि, कई लोग इसे अपने नियमित आहार का हिस्सा बनाने के विभिन्न तरीकों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में नहीं जानते हैं।

मखाना में सबसे ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है। अधिकांश स्नैक्स गहरे तले हुए होते हैं या उनमें परिरक्षकों की उच्च मात्रा होती है, लेकिन फॉक्स नट्स का एक कटोरा कैलोरी को नियंत्रण में रखते हुए आपका पेट भर देगा। फॉक्स नट्स में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो आपकी त्वचा को चमकदार बनाने में कारगर हो सकते हैं। अन्य फायदों के अलावा, मखाने में फाइबर भी उच्च मात्रा में होता है, जो पाचन तंत्र को नियंत्रित करता है।


**घर पर बनाएं कुछ स्वादिष्ट मखाने की व्यंजन**

**पालक मखाना**

अपने नियमित पालक और पनीर के कॉम्बो के बजाय, इस स्वस्थ लेकिन स्वादिष्ट करी को आजमाएं। मलाईदार पालक की ग्रेवी में भुने हुए मखाने को मिलाकर बनाया जाने वाला यह व्यंजन नवरात्रि उत्सव के दौरान एक लोकप्रिय व्यंजन है। यह उन लोगों के लिए भी एक आदर्श नुस्खा हो सकता है जो कैलोरी सेवन के प्रति सचेत हैं।

**मखाना रायता**

दही, भुने हुए मखाने और मसाला पाउडर के मिश्रण से बना एक सरल भारतीय व्यंजन। यह पारंपरिक सब्जी या बूंदी रायता रेसिपी का एक सरल बदलाव है।



**मखाना टिक्की**

भुने हुए मखाने से बना एक स्वादिष्ट नाश्ता जिसे कुचलकर आलू के साथ मिलाया गया है और भारतीय मसालों के साथ पकाया गया है। बस, टिक्कियों को सभी तरफ से कुरकुरा और सुनहरा भूरा होने तक तलें। यह एक स्वस्थ नाश्ते का विकल्प है जो आपकी शाम की भूख को संतुष्ट कर सकता है।

**मखाने की खीर**


यह निस्संदेह फॉक्स नट्स के साथ सबसे लोकप्रिय व्यंजनों में से एक है। केसर और जायफल के स्वाद वाली गाढ़ी और स्वादिष्ट खीर आपके मीठे स्वाद के लिए एकदम सही है। भुने हुए मेवों के साथ-साथ गाढ़े दूध का स्वाद इस खीर को विशेष अवसरों पर पेश करने के लिए एक आदर्श मिठाई बनाता है।

**मखाना सलाद**

यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जो दोपहर के भोजन या रात के खाने में सलाद खाना पसंद करते हैं, तो अपने रोजमर्रा के मिश्रण में फॉक्स नट्स को शामिल करने का प्रयास करें। स्वस्थ सब्जियों और मसालों के साथ मिश्रित नट्स का कुरकुरापन आपके मुंह में स्वाद का विस्फोट कर देता है।

## फटे होंठों पर लगानी चाहिए इस तरह की लिपस्टिक, ये टिप्स

हर महिला और लड़की को मेकअप करना बेहद पसंद होता है। हालांकि रोजाना कोई हैवी मेकअप नहीं करता है। वहीं बदलते ब्यूटी ट्रेंड में आपको कई तरह के प्रोडक्ट्स देखने को मिलते हैं। वहीं अगर हम रोजाना मेकअप नहीं भी करते हैं, तो लिपस्टिक लगाना जरूर पसंद करते हैं। लेकिन मौसम बदलने या सही तरीके से लिप केयर रूटीन फॉलो नहीं करते हैं, तो आपके होंठ फटने लगते हैं। आमतौर पर होंठ फटने के कई कारण हो सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फटे होंठों पर किस तरह लिपस्टिक लगानी चाहिए।



**क्यों फटते हैं होंठ**

अधिकतर मौसम बदलने के कारण होंठ फटने लगते हैं। ऐसे में हमें रोजाना लिप केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। साथ ही होंठों को सही तरीके और सही मात्रा में पोषण देना चाहिए। ड्राईनेस और होंठों की त्वचा में नमी का कम होना होंठों के फटने का एकमात्र कारण हो सकता है।

**फटे होंठों की ऐसे करें देखभाल**

होंठों की देखभाल करने के लिए रोजाना लिप केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। इसलिए आप रोजाना दिन में 3-4 बार लिप बाम लगा सकते हैं। होंठों की डेड स्किन को हटाने के लिए आप लिप स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। एक्स्ट्रा लिप केयर के लिए रोजाना होंठों पर रात को सोने से पहले लिप ऑयल अप्लाई कर सकती हैं।

**किस तरह लगाएं लिपस्टिक**


बता दें कि फटे हुए होंठों पर लिपस्टि लगाने के लिए सबसे पहले लिप को अच्छे से मॉइस्चराइज करें। फिर किसी ऐसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें, जिसमें पहले से ऑयल मौजूद हो। बाजार में आपको कई सारे ब्रांड्स के नारियल के तेल और विटामिन-ई एक्सट्रेक्ट वाले लिपस्टिक शेड्स मिल जाएंगे। अगर आपके होंठ फटे रहते हैं, तो आप मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल न करें, बल्कि ग्लॉसी लुक वाली लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।

## राखी पर बहन को घुमाएं नैनीताल की ये तीन शानदार जगहें, ऐसे प्लान करें ट्रिप

अगस्त के महीने में नैनीताल का मौसम बेहद अच्छा होता है। ऐसे में आप अपनी बहन के साथ नैनीताल की कुछ खास जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि तीन दिन के नैनीताल की ट्रिप में अपनी बहन के साथ इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

राखी का त्योहार आ रहा है। हर साल राखी के पर्व पर भाई अपनी बहनों को पैसे या फिर कोई गिफ्ट देते हैं। लेकिन इस रक्षाबंधन आप अपनी बहन के लिए कुछ अलग कर सकते हैं। इस बार राखी का पर्व नैनीताल की वादियों में गुजार सकते हैं। अगस्त के महीने में नैनीताल का मौसम बेहद अच्छा होता है।

ऐसे में आप अपनी बहन के साथ नैनीताल की कुछ खास जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि तीन दिन के नैनीताल की ट्रिप में आप अपनी बहन के साथ इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



**जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क**

अगस्त के महीने में आप अपनी बहन के साथ नैनीताल जिले के रामनगर में स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह एक बेहद अच्छा पर्यटन स्थल है। बता दें कि जो भी नैनीताल घूमने आता है, वह जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क जरूर जाता है। सर्दियों में यहां का वातावरण अधिक सुंदर हो जाता है। वहीं बारिश के मौसम में हरा-भरा वातावरण यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करता है।

**भीमताल झील**

तीन दिन के ट्रिप के दौरान आप भीमताल जाना न मिस करें। अगर आप और आपकी बहन को प्रकृति में समय बिताना पसंद है, तो यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। यहां जाने के बाद आप अपनी बहन के फोटोग्राफी के शौक को भी पूरा कर सकते हैं। क्योंकि यह इतनी ज्यादा सुंदर जगह है, जिसे हर कोई अपने कैमरे में कैद करना चाहता है। भीमताल झील को देखना आपको सुकून का एहसास करवाएगा। यह उत्तराखंड की सबसे सुंदर जगहों में से एक है।

**पंगोट**-नैनीताल से करीब 15 किमी की दूरी पर स्थित पंगोट भी आपकी बहन को बेहद पसंद आएगी। आप 3 दिनों के ट्रिप के दौरान इस जगह को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है, जिसको शांत वातावरण और प्रकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पंगोट लगभग 6,300 फीट की ऊंचाई पर है। यह बेहद शांत और साफ-सुथरा हिल स्टेशन है। ऐसे में आप शहर के शोरगुल से दूर यहां पर सुकून भरे कुछ पल बिताने आ सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर कैंपिंग और ट्रेकिंग भी कर सकते हैं।

## डिजीटल दुनिया से इस तरह सुरक्षित रखें बच्चे

आज के युग में, इंटरनेट और डिजिटल डिवाइस हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इनकी बढ़ती उपयोगिता के साथ, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए, यह जरूरी है कि हम उन्हें सही डिजिटल व्यवहार सिखाएं और ऑनलाइन खतरों से बचाने के उन्हें अवेयर करे । स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को कण्ट्रोल करने के लिए भी कुछ आसान और प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। इस संदर्भ में, हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के लिए तैयार कर सकते हैं और उनके स्क्रीन समय को उचित रूप से मैनेज कर सकते हैं।



**पैरेंटल कंट्रोल सेट करें** -अपने बच्चे के डिवाइस पर पैरेंटल कंट्रोल एक्टिवेट करें। इससे आप तय कर सकते हैं कि कौन-कौन सी वेबसाइट्स और ऐप्स वे एक्सेस कर सकते हैं।

**प्राइवेसी की सेटिंग्स जांचें**-सोशल मीडिया और अन्य ऐप्स की प्राइवेसी की सेटिंग्स को ध्यान से सेट करें ताकि आपके बच्चे की प्राइवेट जानकारी सुरक्षित रहे।

**पासवर्ड बनाएं**-बच्चों के अकाउंट्स के लिए मजबूत और सुरक्षित पासवर्ड बनाएं। उन्हें कभी भी पासवर्ड शेयर न करने के लिए कहें।



**ऑनलाइन बातचीत पर नज़र रखें**-अपने बच्चे को यह समझाएं कि अनजान लोगों से ऑनलाइन बात करना सुरक्षित नहीं है और उनकी बातचीत पर नजर रखें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगो को कनेक्ट न करे।

**पॉजिटिव ऑनलाइन व्यवहार सिखाएं**-बच्चों को अच्छे ऑनलाइन व्यवहार और नेटिकेट (इंटरनेट शिष्टाचार) के बारे में बताएं। उन्हें सिखाएं कि वे ऑनलाइन भी विनम्र और सम्मानजनक रहें।

**स्क्रीन टाइमिंग की सीमा फिक्स करें**-अपने बच्चे के लिए हर दिन स्क्रीन पर बिताने का समय तय करें। यह समय उम्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकता है।

**डिजिटल फ्री जोन बनाएं**-घर के कुछ क्षेत्रों को डिजिटली फ्री बनाएं, जैसे कि भोजन करते समय या सोने से पहले, ताकि स्क्रीन समय को कण्ट्रोल किया जा सके।

**परिवार के साथ एक्टिविटीज करें**-बच्चों को स्क्रीन से बाहर निकालने के लिए परिवार के साथ खेलना, पढ़ना या बाहर जाना प्रोत्साहित करें।

**स्क्रीन समय के लिए नियम बनाएं**-यह तय करें कि स्क्रीन समय का उपयोग कैसे किया जाएगा। उदाहरण के लिए, केवल पढ़ाई या रचनात्मक कार्यों के लिए स्क्रीन का उपयोग किया जा सकता है।

इन उपायों को अपनाकर आप अपने बच्चे को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रख सकते हैं और उन्हें स्क्रीन समय को संतुलित ढंग से उपयोग करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# शरीर के लिए अमृत है यह फल, एक बार खाएंगे तो गिनते रह जाएंगे फायदे

बरसात के मौसम में फलों का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इस मौसम में कई पौष्टिक फल होते हैं, जो हमारी सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इनमें से एक खास फल है नाशपाती , जो स्वाद में तो लाजवाब है ही, साथ ही पोषक तत्वों से भी भरपूर है। नाशपाती को सेहत के लिए एक वरदान माना जा सकता है, क्योंकि इसमें कई महत्वपूर्ण विटामिन्स, मिनरल्स और प्लांट कंपाउंड्स होते हैं जो हमें कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। यह फल डायबिटीज और वजन घटाने में सहायक होता हैं। नाशपाती के स्वास्थ्य लाभों पर कई शोध भी किए गए हैं, जो इसके फायदे साबित करते हैं। आइए, जानते हैं नाशपाती खाने के प्रमुख फायदों के बारे में।

**पाचन तंत्र को ठीक करे**



नाशपाती में मौजूद हाई फाइबर पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदगार साबित होता हैं। यह पाचन तंत्र के लिए जरूरी होते हैं। फाइबर शरीर में जाकर पेट साफ करने में मदद करता है और आंतों की परेशानियों से राहत दिलाता है। एक नाशपाती में करीब 6 ग्राम फाइबर होता है, जो आपकी दैनिक जरूरत का 21 प्रतिशत है। नाशपाती पेक्टिन से भरपूर होता है, जो पेट की सेहत को बेहतर बनाता है। यह फल कब्ज से राहत दिलाता है। नाशपाती के छिलके में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है, इसलिए इस फल को बिना छीले खाना सबसे अच्छा है।



**हृदय स्वास्थ्य को ठीक करे**

नाशपाती में पोटेशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो रक्तचाप को कंट्रोल करने में मदद करता है और हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखता है। नाशपाती आपके हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है। इसमें प्रोसायनिडिन नामक एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो दिल के टिशू को सख्त होने से बचाता है। इसके चलते बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। नाशपाती के छिलके में क्वेरसेटिन नामक एक और एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो सूजन को कम करने में मदद करता है और दिल की सेहत को बेहतर बनाता है।

**वजन घटाने में असरदार**



वजन घटाने में नाशपाती बेहद प्रभावशाली साबित हो सकती है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है, जबकि पानी और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। यह वजन घटाने में मदद करता है, क्योंकि फाइबर और पानी पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे आप कम खाने की इच्छा होती हैं। इसका उच्च फाइबर कंटेंट वजन घटाने में मदद कर सकता है क्योंकि यह पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है और अधिक खाने की इच्छा को कम करता है।

**हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक**


नाशपाती में विटामिन K अच्छी मात्रा में होता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। विटामिन K हड्डियों के निर्माण और उनकी मजबूती के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह हड्डियों में कैल्शियम को सही स्थान पर जमा करने में मदद करता है और हड्डियों की घनत्व को बनाए रखता है।

**नाशपाती का सेवन स्किन के लिए फायदेमंद**



नाशपाती में विटामिन C अच्छी मात्रा में होता है, जो त्वचा की चमक को बनाए रखने और उसे स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। विटामिन ष्ट कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो त्वचा की लोच और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। नाशपाती में पानी की अच्छी मात्रा होती है, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। अच्छी तरह हाइड्रेटेड त्वचा नर्म और चमकदार रहती है, और जल्दी से सूखती नहीं है।

इन फायदों के साथ, नाशपाती को अपने दैनिक आहार में शामिल करना एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए अच्छा होता है।



लड़कियों को खूब भा रहा है चिकनकारी लहंगा

## हादसे में गढ़वा के चालक की मौत

**कोरबा।** एसईसीएल की बांकीमोंगरा स्थित 4 नंबर खदान के पास लोडर पलटने की घटना में चालक की मौत हो गई। मृतक याशिर खान निवासी गढ़वा झारखंड का रहने वाला था। बताया गया कि वह अपने चाचा इरशाद खान इंदिरा नगर के लोडर को कुसमुंडा माइंस में चलाता था। वह काम के बाद अपने घर लौट रहा था, तभी 4 नंबर खदान के पास लोडर बेकाबू होकर पलट गया जिससे दबकर उसकी मौत हो गई। बांकीमोंगरा पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों के बयान के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

## उज्जैन के कलाकार ने दी प्रस्तुति

**कोरबा।** सावन के उपलक्ष में दीपका के दीपेश्वरी मंदिर में मातृ सेवक वृंद समिति ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया। उज्जैन के कलाकार नितीन बागवान ने यहां भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल आदि उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या का मामला

# सरकारी और निजी अस्पतालों में ओपीडी बंद, आपातकालीन सेवा रही जारी

**कोरबा।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित डॉ. जी.बी.कर शासकीय मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर से मारपीट के बाद दुष्कर्म और हत्या के मामले में न केवल भारत बल्कि विदेशों तक आग लगा दी है। हर तरफ तरह-तरह से विरोध जारी है। आरोपियों को फांसी की सजा देने के साथ कड़े कानून बनाने की मांग की जा रही है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर यहां भी शनिवार को सरकारी और निजी अस्पतालों में हड़ताल रही। ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से बाधित रहीं जबकि इमरजेंसी सेवाओं को बहाल रखा गया। हड़ताल के कारण विभिन्न मामलों में मरीजों को परेशान होना पड़ा।

पिछले दो दिन से कोरबा जिले में डॉक्टर और पैरामेडिकल संगठन इस मुद्दे को लेकर विरोध कर रहे हैं। बीती शाम आईएमए और नर्सिंग स्टाफ ने नेताजी चौक से रैली निकाली और कलेक्टोरेट का




घेराव किया। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से ओपन थिएटर से कैंडल मार्च निकाला गया। पार्षद रितु चौरसिया ने इसका नेतृत्व किया। आईएमए ने देशव्यापी हड़ताल का अल्टीमेटम एक दिन पहले दिया था जिस पर आज सुबह 6 बजे से अमल किया गया। अगले 24 घंटे तक स्वास्थ्य सेवाओं से डॉक्टर और स्टाफ अलग रहेंगे। कोरबा जिले में डॉक्टर्स की हड़ताल के कारण यहां के शासकीय मेडिकल कॉलेज के अलावा सभी सीएचसी, पीएचसी, निजी अस्पताल और क्लीनिकों में सेवाएं बाधित रही। मौसमी बीमारियों के दौर में पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। स्वाभाविक रूप से ऐसे लोग अस्पताल पहुंचे तो उन्हें मायूसी हुई। उनकी चिंता इस बात को लेकर भी बढ़ी कि 24 घंटे तक सामान्य सेवाएं ऐसे ही रहेगी। हालांकि आईएमए ने मानवीय आधार पर सभी जगह इमरजेंसी सेवाओं को सभी जगह जारी रखा ताकि आपात स्थिति में किसी को समस्या न होने पाए। हड़ताल में जिले की लैब से लेकर सोनोग्राफी सेंटर, एक्स-रे सर्विसेस भी समर्थन भी रहे। इन सभी ने एक स्वर में कहा है कि कोलकाता कांड के आरोपियों को फांसी की सजा देने के साथ ऐसे सभी मामलों में कठोर कार्रवाई को सुनिश्चित करना जरूरी है। सरकार को इस बारे में निर्णय लेने ही होंगें।

## पूर्व मेयर के कार्यालय में घुसे तीन चोर, हजारों की चोरी



### सीएसईबी पुलिस कर रही जांच

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के इंदिरा आवासीय सह व्यवसायिक काम्प्लेक्स में पिछली रात चोरी की घटना हुई। चोरों ने पूर्व मेयर के कार्यालय को निशाना बनाया। आज सुबह मामले की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज में तीन चोरों की हरकतें कैद हुई है। पुलिस और डॉग स्क्वायड के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

इंडियन कॉफी हाउस के आगे मुख्य मार्ग पर पूर्व मेयर जोगेश लांबा का कार्यालय संचालित है। शुक्रवार को अंतिम कार्य दिवस पर उन्होंने यहां उपस्थिति दर्ज कराई थी। रात्रि को शेड्यूल के तहत स्टाफ ने कार्यालय को लॉक किया और घर चले गए। खबर के अनुसार देर रात्रि को यहां पर चोरी की घटना हुई। तीन की संख्या में आए चोरों ने ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और हजारों की नगदी रकम व अन्य सामान पार कर दिए। आज सुबह इस बारे में खबर हुई जिस पर जोगेश लांबा हरकत में आए उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सीएसईबी चौकी पुलिस के प्रभारी भीम सिंह यादव और स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए जिसमें तीन चोरों की हरकतें कैद हुई है। सतर्कता बरतते हुए आरोपी नकाब लगाकर यहां पहुंचे थे और फिर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि कैमरे में दो से ढाई बजे के बीच का समय दर्ज हुआ है। उच्चाधिकारियों को खबर करने के साथ डॉग स्क्वायड की मदद जांच में ली गई। पुलिस ने इस प्रकरण में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (5), 301 के अंतर्गत चोरी का केस दर्ज किया है।

## लोनर के हमले में महिला की मौत, नेता प्रतिपक्ष ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**कोरबा।** रलिया में विगत दिनों हाथी की वजह से गायत्री देवी राठौर की मृत्यु हो गई थी जो की रलिया के व्यावसायि रामचरण राठौर के भाभी एवं अमित राठौर के माता थी एवं आंगन बाड़ी के कार्यकर्ता थी मृतक के परिवार से दुख के घड़ी में दुख व्यक्त करने शुक्रवार को उनके निवास स्थान पर छत्तीसगढ़ शासन के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत उनके साथ पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ,पूर्व विधायक राज्य मंत्री पुरुषोत्तम कंवर एवं महिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा सिंह तंवर के द्वारा हाथी प्रभावित मृतक के परिवार से भेंट कर दुख व्यक्त कर ढांढस बांधा इस दौरान ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर, एसपी ने हाथी प्रभावित गांवों का दौरा किया, देखी निगरानी व्यवस्था



**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत अमझर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ कुमार निशांत एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने शिविर समापन के बाद केंदई एवं पसान रेंज के हाथी प्रभावित गांव का दौरा किया तथा वन विभाग द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने केंदई परिक्षेत्र में विभाग द्वारा स्थापित हाथी रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया तथा ड्रोन कैमरे से हाथियों की निगरानी की व्यवस्था देखने के साथ ही इसकी जानकारी ली। अधिकारियों ने स्वयं ड्रोन कैमरे से यहां के जंगल में मौजूद हाथियों का नजारा देखा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस बीच 11 हाथियों का दल जटगा रेंज से पसान पहुंच गया है। सेमरहा जंगल के रास्ते पहुंचे हाथियों को यहां के बीजाडांड जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों ने रास्ते में आधा दर्जन ग्रामीणों के धान की फसल भी रौंद दी है। जिससे हुए नुकसान का आंकलन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। पीड़ितों को विभाग क्षतिपूर्ति राशि देगी।

# महिला समिति ने ठीक कराए क्रासिंग के गड्ढे



### जनता से जुड़ी समस्या पर प्रशासन और रेलवे चुप

**कोरबा।** शारदा विहार महिला समिति ने अपनी ओर से रेलवे क्रासिंग के गड्ढों को भरवाने का काम किया और रेलवे के साथ-साथ बालको व सीएसईबी प्रबंधन को आइना दिखाया।

काफी समय से रेलवे क्रासिंग के तीनों ट्रैक के अगल-बगल में भारी भरकम गड्ढे हो गए थे। बारिश के कारण यहां पर समस्या और ज्यादा बढ़ गई। आए दिन घटनाएं हो रही थी और आम लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। विभिन्न माध्यम से इस विषय को रेलवे के अलावा प्रशासन और उद्योग प्रबंधनों की जानकारी में लाया गया लेकिन ये सभी निरंकुश बने रहे। इस रास्ते से गुजरने के दौरान सर्वाधिक समस्याएं महिलाओं को हो रही थी। चौतरफा प्रयास के बाद जब कोई सफलता नहीं मिली तो शारदा विहार की महिला समिति ने अपनी तरफ से एक हजार रुपए खर्च किए और रेलवे क्रासिंग के गड्ढों को भरवाया। कहा गया कि शुरुआती तौर पर इस काम को कराया गया है। हमें उम्मीद है कि कम से कम रेल प्रबंधन और प्रशासन इस उदाहरण से सबक लेगा और नागरिकों को राहत देने के बारे में आगे बेहतर प्रयास करेगा।

### मनरेगा का मजदूरी भुगतान नहीं

**कोरबा।** असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रमन्ना मूर्ति के पास जाकर प्रतिनिधि मंडल ने शिकायत दर्ज कराई है कि मनरेगा का भुगतान नहीं हुआ है जिसके चलते मजदूरों को काफी परेशानी हो रही है। असंगठित कामगार व मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष राहुल देव, ग्रामीण अध्यक्ष आरती दास व जिला संगठन मंत्री फिरोज अनंत ने मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि वेतन नहीं मिलने से लोगों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है।

### भारतीय मजदूर संघ का अधिवेशन मुंबई में

**कोरबा।** भामसं के नवरतन बरेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि भामसं का अधिवेशन मुंबई में आयोजित किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय सचिव आर.आर. जायसवाल शामिल होंगे।

## यातायात में अवरोध, हुई कार्रवाई



**कोरबा।** त्योहारी सीजन के साथ कोरबा नगर की सड़कों पर यातायात से जुड़ी समस्याएं कई कारणों से निर्मित हो रही है। अवैध दखल इसकी सबसे बड़ी वजह है। ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने संयुक्त रूप से निहारिका ओपन थिएटर मार्ग पर कार्रवाई की। लोगों को चेताया गया कि इस प्रकार की हरकतों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस कार्रवाई में नगर निगम के यूडीए प्रभारी योगेश राठौर, सहायक कृष्णा राठौर , आलोक शुक्ला, यातायात पुलिस थाना से कांस्टेबल सत्य प्रकाश कवर, देवाशीष देवांगन , रवि बकुले और अन्य कर्मी शामिल रहे जिन्होंने यातायात को अवरोध पैदा करने को लेकर कार्रवाई की। सड़क के करीब लगाई गई दुकान और वहां तक समान फैलाए जाने पर नाराजगी जताने के साथ इन्हें हटाया गया। नगर निगम की ओर से बताया गया है कि वर्तमान में रक्षाबंधन पर्व के लिए दुकान लगाने राजेंद्र नगर के पास स्टॉल की व्यवस्था की गई है

### केंद्रीय कर्मशाला को मिला खिताब

**कोरबा।** ब्रीज प्रतियोगिता में केंद्रीय कर्मशाला कोरबा को विजेता व सोहागपुर को उपविजेता घोषित किया गया।


स्वाधीनता के 78वें पर्व की समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई





सुश्री रितु चौरसिया

पार्षद, वार्ड क्रमाक -13, नगर निगम कोरबा

स्वाधीन भारत की 77वीं वर्षगांठ की जिले के समस्त नागरिकों को बधाई



समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी

औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल कोरबा

स्वाधीन भारत की 77वीं वर्षगांठ की जिले के समस्त नागरिकों को बधाई




समग्र शिक्षा

कोरबा (छत्तीसगढ़)

स्वाधीनता के 78वें पर्व की समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई



Traffic Police Korba (C.G.)

78वें स्वाधीनता पर्व की बधाई




यशोदा बाई राठिया | अमित अग्रवाल
सरपंच | सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कल्गामार, जिला-कोरबा

स्वाधीन भारत की 77वीं वर्षगांठ की जिले के समस्त नागरिकों को बधाई



श्री देवांगन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं समस्त स्टाफ

जनपद पंचायत करतला

होटल आकाश

तरुण छत्तीसगढ़ के बगल में, तिलक मार्ग बुधवारी बायपास रोड, कोरबा (छ.ग.)

सर्व सुविधायुक्त रूम एवं हॉल उपलब्ध

हॉल -
400Sq.ft. से लेकर 2500Sq.ft. तक
15 से लेकर 300 व्यक्तियों की व्यवस्था

बर्थडे पार्टी, तिलक समारोह, कीटी पार्टी एवं हर प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए आपके बजट पर हमेशा तैयार मिलेगा ।



संपर्क करें 9425223290, 8908530000, 8103865081


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com